RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः 95 , मंगलवार, 19 मई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के तहत "जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान ... 03



तकनीकी कार्य कराये जाने से किसान सलाहकार नाराज, बीएओ को सौंपा आवेदन 04

मेहनत और लगन पर मेरा भरोसा, ईमानदारी से काम किया तो... 07

## संक्षिप्त समाचार

## वीडी सतीशन बने केरल के नए सीएम, ली शपथ

### राहुल ने लगाया गले, खड़गे भी मौजूद

तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)। केरल में अब सतीशन युग की शुरुआत हो गई है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की बंपर जीत के बाद वी डी सतीशन ने राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की



शपथ ले ली है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें मलयालम भाषा में शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्य में पिछले 10 साल से चला आ रहा वामपंथी शासन आधिकारिक रूप से खत्म हो गया है। सतीशन के शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस के बड़े नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल हुए।

### 20 सदस्यीय मंत्रिमंडल ने भी ली शपथ

सतीशन के साथ 20 सदस्यीय मंत्रिमंडल ने शपथ ली। इससे पहले सतीशन ने घोषणा की थी कि कांग्रेस के सीनियर नेता तिरुवंचूर राधाकृष्णन असेंबली के स्पीकर होंगे। वहीं शनिमोल उस्मान को डिप्टी स्पीकर बनाया गया है। इसके अलावा अपू जॉन जोसेफ को सरकार का चीफ व्हिप बनाया गया है। सतीशन ने यह भी कहा है खास ध्यान रखा गया है।

## नौकरी में आदिवासी युवाओं को मिलेगा 15 % आरक्षण

- बस्तर में शाह का बड़ा ऐलान, कहा- गुंडाधुर की धरती बनेगी तीर्थस्थल

रायपुर (एजेंसी)। नक्सलवाद खात्मे के बाद पहली बार बस्तर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नेतानार में कहा कि, आज का दिन ऐतिहासिक है, क्योंकि पिछले 6 महीनों के काम के बाद अब यह पूरा क्षेत्र आदिवासियों से भरा दिखाई दे रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि इसी धरा से अंग्रेजों के खिलाफ जंग लड़ने का काम अमर शहीद गुंडाधुर ने किया था। शाह ने कहा कि एक दौर वह भी था जब यहां एक साथ 6 पुलिसवालों की हत्या कर दी जाती थी, स्कूल उजाड़ दिए जाते थे और गरीबों का राशन तक छीन लिया जाता था। नक्सलियों का खौफ ऐसा था कि वे मासूम बच्चों को उनके बचपन में ही जबरन उठा ले जाते थे।




- **पहले गांव जाना मुश्किल था, अब हालात बदले : जानकी कश्यप**– बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले जवानों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत की। उन्होंने बसवाराजू समेत 38 नक्सलियों के एनकाउंटर के बारे में बताया। इस दौरान नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों ने भी अपना दर्द बयां किया। जगरगुंडा की रहने वाली जानकी कश्यप ने बताया कि उनके देवर को मारा था।

# आरएसएस मुख्यालय के पास फायरिंग

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना, खुलासे के बाद मचा हड़कंप

नागपुर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नागपुर से एक चौंका देने वाली घटना सामने आई है। बाइक सवार युवकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के मुख्यालय की तरफ को खुलेआम फायरिंग की। फायरिंग का वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। कुछ दिन पहले नागपुर में आरएसएस मुख्यालय के संवेदनशील जोन में विस्फोटक की बरामगी हुई थी। अब इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ कर दिए हैं। सीसीटीवी के कैद हुई फुटेज में छह बाइक सवार फायरिंग करते हुए दिख रहे हैं। इस घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है तो वहीं नागपुर के महल में कोठी रोड




इलाके में फायरिंग की घटना से पूरे इलाके में दहशत और डर का माहौल बन गया। यह क्षेत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हेडक्वार्टर के काफी नजदीक है। संघ का मुख्यालय रेशीम बाग में स्थित है।

- **रविवार रात को हुई फायरिंग की वारदात**– स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार यह घटना रविवार यानी 17 मई को रात करीब 11.30 बजे हुई, जब छह अनजान लोग तीन मोटरसाइकिलों पर आए और उस इलाके में फायरिंग शुरू कर दी, जहां से आरएसएस हेडक्वार्टर 1.5 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि शिकायत करने वाले सौरभ से हुए झगड़े के बाद रवि मोहतो और गंगा काकड़े ने कथित तौर पर फायरिंग की।

### दो राउंड फायरिंग का खुलासा

नागपुर के महल क्षेत्र के कोठी रोड इलाके में दो राउंड फायरिंग की गई। पुलिस ने आगे कहा कि रवि मोहतो, गंगा काकड़े और दूसरे आरोपियों का ड्रग ट्रैफिकिंग और गैर-कानूनी सामान रखने के मामलों में पहले का क्रिमिनल रिकॉर्ड है। उनके क्रिमिनल बैकग्राउंड को देखते हुए, पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है। घटना के तुरंत बाद ही थाना कोतवाल पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आरोपियों को ढूंढने की कोशिशें जारी हैं। इसमें फुटेज की मदद ले रहे।

# अब नॉर्वे ने दिया पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान

### विश्व भर में पीएम का ये 32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान

ओस्लो (एजेंसी)। नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया है। यह नॉर्वे के सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है। इसे मिलाकर अब तक पीएम मोदी को 32 अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। इससे पहले कल स्वीडन ने भी उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। पीएम मोदी ने आज नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नॉर्वे के पीएम योनास स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू हुआ था। पीएम मोदी के मुताबिक, यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच साझा विकास और समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा। इस समझौते के तहत अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश होंगे।



# योगी का ऐलान, सड़क पर नहीं पढ़ने देंगे नमाज

### कहा-प्यार से माने तो ठीक, नहीं तो दूसरा तरीका अपनाएंगे

### बकरीद से एक हफ्ते पहले दी चेतावनी



लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों पर नमाज पढ़ने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लोग घर में नमाज करें या शिफ्ट में पढ़ें। सड़क पर नमाज नहीं होने देंगे। प्यार से मानेंगे तो ठीक है, नहीं तो दूसरा तरीका अपनाएंगे। लखनऊ में सोमवार को एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होने आए थे। यहां उन्होंने कहा- लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या आपके यूपी में लोग सड़कों पर सचमुच नमाज नहीं पढ़ते। मैंने कहा कि बिल्कुल नहीं पढ़ते। आपको विश्वास ना हो जाकर देख लो। सड़कें लोगों के चलने के लिए होती हैं। क्या अधिकार है किसी को आवागमन बाधित करने का। जहां उसका स्थल होगा वहां जाकर करें। उन लोगों ने मुझसे कहा कि साहब कैसे होगा। हमारी संख्या ज्यादा है। हमने कहा कि शिफ्ट में कर लो। तुम्हारे घर में रहने की जगह नहीं है तो जनसंख्या नियंत्रित कर लो।

### संख्या ज्यादा है तो शिफ्ट में पढ़ें नमाज

मुख्यमंत्री ने कहा–अगर सामर्थ्य नहीं है तो क्यों बेवजह संख्या बढ़ाए जा रहे हो। सिस्टम के साथ अगर रहना है तो नियम और कानून को मानना होगा। यहां कानून का राज होगा। अगर पढ़ना आवश्यक है तो आप शिफ्ट में पढ़िए। हम उसको रोकेंगे नहीं, लेकिन सड़क पर नहीं। सड़क चलने के लिए है। एक बीमार व्यक्ति के लिए, एक आम नागरिक के लिए, एक कामगार के लिए, एक कर्मचारी के लिए, एक व्यापारी के लिए हम सड़क को बाधित नहीं होने देंगे। हमारा काम है संवाद बनाना। आप अगर संवाद से मानेंगे तो ठीक है नहीं तो संघर्ष करके भी देख लो। बरेली में इन लोगों ने ताकत आजमाया।

### यूपी में किसी तरह की अराजकता नहीं फैलने देंगे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने सबको कहा कि भाई चलने नहीं देंगे। अराजकता नहीं फैलने देंगे। कानून का राज सबके लिए है। यदि आपकी संख्या अधिक है तो शिफ्ट में नमाज पढ़ें लेकिन सड़क पर मत पढ़ें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर आपको सिस्टम के साथ रहना है तो नियम और कानून को मानना शुरू करें। कानून का राज होगा, कानून का राज सबके लिए समान रूप से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर नमाज पढ़नी आवश्यक है, आप शिफ्ट में पढ़िए, हम उसको रोकेंगे नहीं लेकिन सड़क पर नहीं होने देंगे। सड़क चलने के लिए है, एक आम नागरिक, एक बीमार व्यक्ति और एक कामगार के लिए है।

- *अभिभावकों पर भी नजर, नांदेड़ से लातूर तक मची खलबली*

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का शिकंजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले का दायरा अब बढ़ते-बढ़ते छात्रों के घर तक पहुंच गया है। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) की टीम ने हाल के दिनों में जांच के दौरान कई ऐसे माता-पिता से भी पूछताछ की, जिन पर कथित तौर पर लीक हुए प्रश्न पत्र खरीदने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, सीबीआई की आठ अधिकारियों वाली एक टीम ने शनिवार और रविवार को तीन से चार अलग-अलग जगहों पर तलाशी ली। इनमें नांदेड़ के विद्युत नगर इलाके में स्थित एक घर और लातूर की कुछ जगहें शामिल हैं। यह तलाशी तब




ली गई, जब एजेंसी को यह जानकारी मिली कि इन परिवारों ने नीट के लीक हुए पेपर हासिल किए थे।

### पेपर के लिए बिचौलियों को दिए 5 से 10 लाख रुपये

अधिकारियों को शक है कि परीक्षा से पहले लीक हुए पेपर पाने के लिए उन्होंने बिचौलियों को 5 से 10 लाख रुपये के बीच की रकम दी थी। जांचकर्ताओं का मानना है कि यह रैकेट पेपर बनाने वालों और बिचौलियों के मुख्य नेटवर्क से भी आगे तक फैला हुआ था। इसमें आर्थिक रूप से संपन्न ऐसे माता-पिता भी शामिल थे, जिन्होंने कथित तौर पर अपने बच्चों का मेडिकल कॉलेजों में दाखिला पक्का करवाने के लिए बड़ी रकम चुकाई थी। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई की टीम शुक्रवार को नांदेड़ पहुंची और उसने तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने उस छात्रा के माता-पिता से पूछताछ की, जिसने 3 मई को नीट यूजी की परीक्षा दी थी।

### खंगाले जा रहे फोन कॉल और मैसेज का ब्योरा

सीबीआई अधिकारियों ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, दस्तावेजों और संचार से जुड़े रिकॉर्ड की भी जांच की। इनमें परिवार के सदस्यों के बीच हुई फोन कॉल और मैसेज का ब्योरा भी शामिल था। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि नांदेड़ वाले मामले में, छात्रा के पिता (जो एक व्यवसायी हैं) ने लीक हुए पेपर हासिल करने के लिए लगभग 10 लाख रुपये चुकाए थे। इसमें से 5 लाख रुपये एक बिचौलिए को और 5 लाख रुपये किसी दूसरे व्यक्ति को दिए गए थे। जांच टीम छात्रा के कोचिंग के रिश्ते जांचेगी।

## बारामूला सांसद को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने बारामूला सांसद अब्दुल राशिद शेख को उनके पिता के निधन के आधार पर अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें 2 जून तक अंतरिम जमानत दी गई है। अब्दुल राशिद शेख एनआईए के एक



मामले में आरोपी हैं और तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले, उन्हें अस्पताल में अपने पिता से मिलने के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। बता दें कि इंजीनियर रशीद को आतंकवाद की फंडिंग के आरोप में 2019 में गिरफ्तार किया था।

# बंगाल में मौलवियों की सरकारी सैलरी होगी बंद

- महिलाओं को 3000 रुपए, सातवें वेतन आयोग को मंजूरी

### शुभेंदु अधिकारी की दूसरी कैबिनेट के हुए कई बड़े फैसले

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई में बनी नई भाजपा सरकार ऐक्शन में दिख रही है। सत्ता संभालने के बाद शुभेंदु कैबिनेट की हुई दूसरी मीटिंग में कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई है। इनमें सबसे अहम राज्य में 'अन्नपूर्णा योजना' को मंजूरी है, जिसके तहत हरेक महिला को हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में अगले महीने यानी 1 जून से महिलाओं को 3,000 रुपये प्रति माह देने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा महिलाओं को




सरकारी बसों में मुफ्त सफर करने की इजाजत देने के फैसले पर भी मुहर लगाई गई है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई।

### एक जून से फ्री बस सफर का ऐलान

उन्होंने कहा, कैबिनेट ने 1 जून से महिलाओं को 3,000 रुपये हर महीने आर्थिक मदद देने वाली अन्नपूर्णा स्कीम को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा 1 जून से सरकारी बसों में महिलाओं को मुफ्त सफर करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। सरकारी एजुकेशन इंस्टीट्यूशन में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए 7वें वेतन आयोग के गठन को भी मंजूरी दे दी है। वहीं मौलवियों की सेलरी बंद कर दी है।

# पालघर में ट्रक-कंटेनर की टक्कर, 12 की मौत

- 25 घायल, ट्रक में 100 से ज्यादा लोग सवार थे, सभी सगाई में जा रहे थे

पालघर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पालघर में मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर सोमवार को ट्रक और कंटेनर की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक सवार 12 लोगों की मौके पर ही





मौत हो गई, जबकि 20 से 25 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक डहाणू तहसील के बापूगांव से 100 से ज्यादा लोग एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ट्रक में जा रहे थे। इसी दौरान पालघर जिले के धानीवरी गांव के पास सामने से आ रहे कंटेनर से ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक और कंटेनर दोनों सड़क पर पलट गए। हादसे में ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रक में बैठे कई लोग उसके नीचे दब गए। मृतकों और घायलों में महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और हाईवे पुलिस मौके पर पहुंचे। लोगों की मदद से ट्रक में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और तुरंत कासा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दुर्घटना के कारण मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया।

# भाजपा ने केरल के लिए तैयार किया 13 सूत्रीय एजेंडा

### ओबीसी वोटर और अल्पसंख्यकों को लेकर खास प्लान

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर जीत से उत्साहित भाजपा ने 13 सूत्रीय राजनीतिक एजेंडा तैयार किया है, जिसके बारे में उसका कहना है कि यह आगामी लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में उसकी रणनीति को आकार देगा। पार्टी ने इस एजेंडे में हिंदू पिछड़े समुदायों के बीच समर्थन को मजबूत करने, साथ ही अल्पसंख्यक समूहों तक पार्टी की पहुंच को भी नए सिरे से मजबूत करने पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित किया है। पार्टी के एक सूत्र ने बताया कि यह एजेंडा शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में अपनाए गए एक राजनीतिक प्रस्ताव का हिस्सा है। सूत्रों के अनुसार, विधानसभा चुनाव से पहले अल्पसंख्यक समुदायों (विशेष रूप से ईसाइयों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के पहले के प्रयासों के बावजूद) पार्टी के दस्तावेज में उनके प्रति नई संपर्क पहलों की स्पष्ट रूपरेखा नहीं दी गई है। हालांकि, सूत्र ने बताया कि विभिन्न कारणों से वे प्रयास जारी नहीं रह सके। अल्पसंख्यक समुदाय तक पहुंच के संबंध में सूत्र ने बताया कि पार्टी ने ईसाई समुदाय के साथ अपना जुड़ाव कम नहीं किया है और उसके सदस्य कई जिलों में संगठनात्मक पदों पर बने हुए हैं। हालांकि, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के साथ कई बिशप के बढ़ते



राजनीतिक झुकाव के बीच चर्च नेतृत्व के साथ संस्थागत संबंध बनाने के प्रयासों से पार्टी पीछे हट गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह अनौपचारिक बदलाव केंद्र सरकार की ओर से विवादास्पद विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम संशोधन विधेयक, 2026 को संसद में पेश करने के कदम के कैथोलिक चर्च के कड़े विरोध के बाद हुआ। यह एक ऐसा घटनाक्रम रहा, जिसके कारण केरल विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान भाजपा को बचाव की मुद्रा में आना पड़ा। दूसरी ओर, भाजपा का एजेंडा हिंदू पिछड़े समुदायों पर विशेष जोर देता है। खासकर ओबीसी आरक्षण पर अपने रुख के माध्यम से, जिसमें कहा गया है कि इसे धार्मिक आरक्षण की आड़ में लागू नहीं किया जाना चाहिए।

### सामाजिक समूहों तक अपनी पहुंच मजबूत करने का प्रयास

ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा प्रमुख सामाजिक समूहों तक अपनी पहुंच मजबूत करने का प्रयास कर रही है। इसमें संख्यात्मक रूप से अहम एझवा समुदाय भी शामिल है, जो राज्य के दो प्रमुख वामपंथी दलों (मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) को महत्वपूर्ण समर्थन देता रहा है। आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा ने कहा कि ओबीसी आरक्षण की आड़ में धार्मिक आरक्षण को पूरी तरह से समाप्त कर देना चाहिए और आरक्षण नीतियां ओबीसी, एससी/एसटी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों तक ही सीमित होनी चाहिए। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि किसी भी समूह को तुष्टीकरण के माध्यम से तरजीही व्यवहार नहीं मिलना चाहिए और सभी मलयालियों के लिए समान अवसरों की आवश्यकता है।

### आरक्षण को नहीं बदलने देगी पार्टी

चंद्रशेखर ने कहा, भाजपा पिछड़े वर्ग के आरक्षण को धर्म आधारित आरक्षण में नहीं बदलने देगी। पार्टी का आरोप है कि अल्पसंख्यक समुदाय के एक वर्ग को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण मिलता है और उसका तर्क है कि इसे समाप्त किया जाना चाहिए। इस प्रस्ताव में सबरीमाला मुद्दे को भी जोड़ा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर में पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, परिजन ने जताई हत्या की आशंका

**हाजीपुर।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर रविवार की रात तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना सदर थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन के पास की है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल युवक को एक महिला ने मानवता का परिचय देते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के लोदीपुर वार्ड संख्या-35 निवासी स्वर्गीय जामुन राय के पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप वैन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान एक महिला ने घायल युवक को टेंपो पर बैठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया। महिला की इस पहल की लोग सराहना कर रहे हैं। परिजनों के मुताबिक राजेश कुमार रविवार को घर से बाइक लेकर निकले थे। रात करीब आठ बजे वह एनएच-22 के पूर्वी लेन स्थित पुलिस लाइन के पास पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन तब तक युवक गंभीर रूप से घायल हो चुका था।



### डेढ़ घंटे में 3 ट्रेनों पर पथराव, वंदे भारत एक्सप्रेस के 3 कोच के शीशे टूटे, सीसीटीवी खंगाल रही रेल पुलिस

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में रविवार शाम डेढ़ घंटे में 3 ट्रेनों पर पथराव हुआ। इन ट्रेनों में देश की प्रीमियम ट्रेन पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है। इस गाड़ी के तीन कोचों के शीशे आंशिक रूप से टूटे हैं। इसके अलावा ट्रेन संख्या 15550 पटना-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस पर भी अलग-अलग जगहों पर पथराव हुआ है। तीनों घटना मुजफ्फरपुर जंक्शन और रामदयालु नगर स्टेशन के बीच की है। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के अधिकारियों के अनुसार, वंदे भारत एक्सप्रेस में सुरक्षा के लिहाज से लगे सीसीटीवी CCTV के फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि पत्थरबाजों की पहचान की जा सके। बताया जा रहा कि रविवार शाम सबसे पहले सबसे पहले ट्रेन संख्या 26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस पर मझौलिया और खबरा के पास पत्थर फेंका गया। इसके तुरंत बाद इसी रूट पर इंटरसिटी एक्सप्रेस और लिच्छवी एक्सप्रेस पर पथराव हुआ। एक साथ तीन ट्रेनों पर पत्थरबाजी की सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर आरपीएफ (RPF) और हाजीपुर आरपीएफ की टीम तुरंत हरकत में आ गई और घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी। मुजफ्फरपुर रेल एसपी वीणा कुमारी ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की सूचना मिली थी। इसी दौरान अन्य ट्रेनों पर भी पत्थर फेंके जाने की घटनाएं सामने आई हैं। रेल पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुछ लोग रेलवे लाइन किनारे खड़े थे और ट्रेन गुजरने के दौरान उस पर पत्थर फेंके गए। शुरुआती जांच और स्थानीय इनपुट के आधार पर रेलवे पुलिस को आशंका है कि ट्रैक के किनारे खेल रहे बच्चों ने खेल-खेल में पत्थरबाजी की होगी। हालांकि, पुलिस इस मामले में किसी भी अन्य साजिश के पहलू को खारिज नहीं कर रही है। आरपीएफ और स्थानीय पुलिस आसपास के गांवों में भी पूछताछ कर रही है ताकि इस गंभीर घटना के असली जिम्मेदारों को पकड़ा जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### 'तेजस्वी यादव की समझ छोटी और बुद्धिहीन'



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की समझ छोटी है और उन्हें Agitation और Education का अंतर तक समझ नहीं आता। मुजफ्फरपुर जिला स्कूल में एडमिशन ले लें, सरकार उनकी विशेष चिंता करेगी। एक साल में वह इतना पढ़-लिख जाएंगे कि दोनों शब्दों का फर्क समझ पाएंगे। मिथिलेश तिवारी ने कहा कि उन्होंने कई बार नेता प्रतिपक्ष से पढ़ाई करने का आग्रह किया है। अब जबकि वह बिहार के शिक्षा मंत्री हैं, तो इस नाते कहना चाहते हैं कि बिहार के छात्र-छात्राओं के साथ कुछ अशिक्षित नेताओं को भी पढ़ने की जरूरत है, जिसमें सबसे ऊपर नेता प्रतिपक्ष हैं। विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है और छात्रों के पीछे छिपकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रहा है। TRE-4 के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभ्यर्थी अपनी तैयारी में जुट जाएं क्योंकि बहुत जल्द बिहार सरकार बड़ी खुशखबरी देने वाली है। उन्होंने दावा किया कि सरकार जल्द ऐसी घोषणा करेगी जिससे अभ्यर्थियों के सपने साकार होंगे। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे उन नेताओं से बचें जो सिर्फ अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए आंदोलन करा रहे हैं। सरकार अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा करेगी और जल्द बेहतर सूचना दी जाएगी। अपने ऊपर लगे 50 लाख रुपए के गबन के आरोपों पर भी मिथिलेश तिवारी ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार हैं। विपक्ष पुराने मामलों को उठाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है और उनके वकीलों ने करीब 50 लोगों के खिलाफ FIR भी दर्ज कराई है। आगे की कार्रवाई भी कानूनी रूप से की जाएगी। इस दौरान शिक्षा मंत्री सोमवार को मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीब नाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि बाबा गरीब नाथ मंदिर हिन्दुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। बचपन से वह यहां पूजा करते आ रहे हैं। शिक्षा मंत्री बनने के बाद उन्होंने बाबा गरीब नाथ से बच्चों, युवाओं और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, पोल्ट्री फार्म की आड़ में चल रहा था कारोबार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने कथैया थाना क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म की आड़ में चल रही विदेशी शराब मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से 137 लीटर तैयार विदेशी शराब और लगभग 30 लीटर स्प्रिट जब्त की गई है। 2 तस्करों की भी गिरफ्तारी हुई है। इसके अलावा विदेशी शराब बनाने के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, 180 मिलीलीटर की 7000 खाली प्लास्टिक बोतलें, ब्रांडेड कंपनियों के नकली रैपर, स्टीकर बरामद की गई। गिरफ्तार धंधेबाजों की पहचान रामपुर भेड़ियाही निवासी टुनटुन कुमार(21) और नेपाल के मोरंग जिला निवासी दिनेश कुमार (22) के तौर पर हुई है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पूरे जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सरसियां जगदीश स्थित रौशन सिंह के पोल्ट्री फार्म पर छापा मारा। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि घटनास्थल से मिले सभी साक्ष्यों की विधिवत जब्ती सूची(सीजर लिस्ट) तैयार कर ली गई है। पुलिस टीम ने इस रैकेट से जुड़े लगभग आधा दर्जन अन्य शातिर शराब कारोबारियों को भी पूरी तरह चिन्हित कर लिया है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।पकड़े गए दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# पटना में स्कूल शिक्षक को गोली मारने वाले का हुआ एनकाउंटर

एजेंसी, पटना

पटना में एक शिक्षक से लूटपाट और गोलीबारी के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक अपराधी घायल हो गया, जबकि दूसरे को हिरासत में लिया गया। घायल अपराधी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शिक्षक के साथ लूटपाट और गोलीबारी करने वाले अपराधी संदीप उर्फ बादल है। वह अपने साथी प्रिंस के साथ ट्रांसपोर्ट नगर के पास हाईवे से लगे गेल सीएनजी पेट्रोल पंप के पास भगवत नगर पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही संदीप उर्फ बादल ने उन पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें बादल के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद उसे और उसके साथी प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अपराधी संदीप उर्फ बादल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस को देखते ही अपराधी ने फायरिंग की: SSP:** पटना SSP कार्तिकेय शर्मा ने कहा, कुछ दिनों पहले एक टीचर से छिनतई के दौरान गोली मारी गई थी। आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी की गई। घायल बदमाश का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। घटना में इस्तेमाल बाइक और हथियार भी बरामद कर लिया गया है। घायल शिक्षक की पहचान 48 वर्षीय शंभू कुमार के रूप में हुई है, जो नालंदा के चंडी स्थित सरकारी विद्यालय में कार्यरत हैं। उन्हें इलाज के लिए एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, शंभू कुमार पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे और नेशनल हाईवे पर गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान



♦ मुठभेड़ में एक अपराधी घायल, दूसरा गिरफ्तार, ट्रांसपोर्ट नगर के पास पुलिस ने दबोचा

बाइक सवार दो अपराधियों ने उनसे बैग और मोबाइल लूटने का प्रयास किया। जब शिक्षक ने विरोध किया तो अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके गले के नीचे लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद अपराधी उनका बैग और मोबाइल लेकर फरार हो गए।

यह घटना नेशनल हाईवे स्थित नरल पेट्रोल पंप के पास मिश्रा वैली स्कूल के समीप हुई। शिक्षक को गोली मारने की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें सुबह 4:19 बजे दो बदमाश एक बाइक पर आते दिख रहे हैं। फुटेज में बाइक सवार दो अपराधी शिक्षक को गोली मारने के बाद मौके से फरार होते दिखाई दिए। पूरी वारदात पेट्रोल पंप के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। इसी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

## कैटरर गोदाम में लगी आग, 4 दमकल की गाड़ियों ने बुझाई



एजेंसी, पटना

पटना में सोमवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कार्यालय के सामने स्थित कैटरर के गोदाम में आग लग गई। घटना के बाद दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों से सामान निकालने में जुट गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गोदाम से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ, जिसके कुछ ही देर बाद आग तेजी से फैल गई।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। पुलिस बल भी मौके पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाने में जुटा रहा।

**शॉर्ट सर्किट की आशंका:** आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में लाखों रुपये के सामान के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल मौके पर चार गाड़िया पहुंची है। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है।किसी प्रकार की जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई है। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## अटल पथ सर्विस लेन पर नहीं चलेंगी गाड़ियां, मानसून से पहले सीवरेज का काम होगा पूरा

एजेंसी, पटना

पटना में मानसून से पहले सीवरेज के काम को पूरा करने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको) द्वारा दीघा-कंकड़बाग सीवरेज परियोजना के तहत पाटलिपुत्र अंचल में यातायात व्यवस्था में 12 दिन तक अस्थायी बदलाव किया गया है। आज से 30 मई तक अटल पथ सर्विस लेन और एएन कॉलेज से राजीव नगर अंडरपास के समीप स्थित बियाडा गेट से सामान्य वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। पाटलिपुत्र क्षेत्र के कुछ प्रमुख मार्गों पर सामान्य वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से प्रतिबंधित रहेगी। राजीव नगर अंडरपास के समीप स्थित बियाडा गेट से सामान्य वाहनों का आवागमन निर्धारित अवधि तक बंद रहेगा। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक रास्ते के रूप में बियाडा रोड होते हुए अटल पथ का उपयोग करना होगा। वहीं, एएन कॉलेज से राजीवनगर अंडरपास तक अटल पथ की सर्विस लेन में भी सामान्य वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।



इस दौरान केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी। यह कदम आगामी मानसून से पहले सीवरेज और हाउस कनेक्शन के कामों को तेजी से पूरा करने के उद्देश्य से उठाया गया है। दीघा और कंकड़बाग स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का संचालन शुरू हो चुका है, लेकिन घरों से कनेक्शन का काम अभी पूरा नहीं हो सका है।

## बिहटा-शिवाला रोड पर दो हाइवा ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, ब्रेक फेल होने से हादसा

एजेंसी, पटना

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में सोमवार को बिहटा-शिवाला मुख्य मार्ग पर अहियापुर मुसहरी के पास दो हाइवा ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों ट्रक सड़क पर ही फंस गए, जिससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी के मुताबिक, एक बालू लदा हाइवा ट्रक बिहटा से शिवाला की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा हाइवा ट्रक विपरीत दिशा से बिहटा की ओर आ रहा था। अहियापुर मुसहरी के पास दोनों वाहनों की सीधी भिड़ंत हो गई। एक चालक ने बताया कि ट्रक का ब्रेक फेल हो जाने के कारण हादसा हुआ।

**बाल-बाल बचे लोग, घंटों लगा रहा जाम:** स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों ट्रकों की रफ्तार ज्यादा नहीं थी, जिसके कारण बड़ा हादसा टल गया। हादसे के दौरान आसपास मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। टक्कर के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दोनों भारी वाहनों के सड़क पर फंस जाने से आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। काफी मशक्कत के बाद ट्रकों को हटाकर सड़क किनारे किया गया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

सड़क पर लगा लंबा जाम, लोग बाल-बाल बचे



**स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल:** स्थानीय लोगों का कहना है कि दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड निर्माण शुरू होने के बाद इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही और तेज रफ्तार काफी बढ़ गई है। बालू और मिट्टी लदे ओवरलोड ट्रक बिना सुरक्षा मानकों के सड़क पर दौड़ रहे हैं, जिससे छोटे वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है और हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और निर्माण एजेंसियां इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही हैं।

**पुलिस बोली- सूचना नहीं मिली:** इधर, बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि, 'घटना की आधिकारिक सूचना स्थानीय लोगों की ओर से नहीं दी गई है। सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने कहा कि, 'ओवरलोडिंग और भारी वाहनों के खिलाफ जिला खनन विभाग के साथ मिलकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दिन और रात दोनों समय जांच अभियान चलाकर जुर्माना भी लगाया जा रहा है।'

# पटना पुलिस ने 6 कुख्यात अपराधी पकड़े, हथियार-कारतूस बरामद

एजेंसी, पटना

पटना ग्रामीण पुलिस को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुल छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को कुंदन कुमार ने फतुहा एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में पंडारक और दनियावां थाने के टॉप-10 कुख्यात अपराधी शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से 4 देशी कट्टा, 10 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल फोन और 3 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस सभी के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है।



**सरहन डैम्प के पास बड़ी वारदात की थी तैयारी:** पहली कार्रवाई बाढ़ अनुमंडल के पंडारक थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि सरहन डैम्प के पास 4 से 5 अपराधी हथियार के साथ जमा होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही नवनीत राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

**टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार:** गिरफ्तार आरोपियों में पंडारक थाना का टॉप-10 अपराधी सुमित कुमार उर्फ जेलर शामिल है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। इसके अलावा तीरथ कुमार, संदीप कुमार उर्फ हन्नी और रंजन कुमार उर्फ कारू को भी गिरफ्तार किया गया।

❒ पंडारक-दनियावां थाने के 'टॉप-10' वांडेट लिस्ट में शामिल

**हत्या कांड के फरार आरोपी भी गिरफ्तार:** दूसरी कार्रवाई दनियावां थाना क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस ने वर्ष 2023 के चर्चित हत्या कांड (कांड संख्या-154/23) के दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करण पासवान उर्फ राम करण कुमार और उसके पिता देवनंदन पासवान के रूप में हुई है। दोनों दनियावां थाना क्षेत्र के मड़वा गांव के रहने वाले हैं और लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी केस के गवाहों को लगातार डरा-धमका रहे थे। अनिल प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## ज्योति का इशारों में भोजपुरी स्टार पवन सिंह पर तंज

एजेंसी, पटना

पवन सिंह और ज्योति सिंह के तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है। इस बीच दोनों की तल्खी भी अब सामने आने लगी है। ज्योति सिंह सीधे पवन सिंह का नाम तो नहीं ले रही हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर रील्स और स्टोरी के जरिए इशारों में पावर स्टार पर तंज कस रही हैं। ज्योति ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें लिखा है, 'स्त्रियों को कमजोर केवल राक्षसों ने बोला है, देवताओं ने तो हमेशा ही शक्ति कह के ही संबोधित किया है..!!'

दूसरे पोस्ट में लिखा है, 'विश्वास वही है। जब आंखें आंसुओं से भरी हों और होंठ फिर भी कहे महादेव अच्छा करेंगे।' ज्योति सिंह पवन सिंह का नाम लेकर कुछ भी कह नहीं रही हैं। वो क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए अपनी बातों को रख रही हैं।



इंस्टा पर लिखा-औरतों को कमजोर केवल राक्षसों ने बोला है, देवताओं ने शक्ति कहा है


**दिल का दर्द न जाने कोई...:** यह पहली बार नहीं है, जब ज्योति ने इस तरह की चीजें पोस्ट की है। इससे पहले भी उन्होंने एक रील सोशल मीडिया पर शेयर की थी, जिसमें वो हाथ में किताब लिए झूला झूलती नजर आ रही हैं। बैकग्राउंड में फिल्म 'देवदास' का सैड सॉन्ग बज रहा है। बोल है- 'बैरी पिया बड़ा बेदर्दी..दिल का दर्द न जाने कोई..।' उनके हाथों ने एक पीला फूल नजर आ रहा है। खास बात ये है कि इसमें ज्योति बिना सिंदूर के नजर आ रही हैं।

## बिहटा में केसरी एजेंसी मालिक के घर लाखों की चोरी

एजेंसी, पटना

बिहटा थाना क्षेत्र में रात केसरी एजेंसी के मालिक संजीव भारती के घर हुई लाखों की चोरी मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। चोरी की पूरी वारदात CCTV कैमरे में कैद हो गई है। घटना के दौरान चोरों ने घर के सदस्यों के साथ मारपीट भी की, जिसमें संजीव भारती घायल हो गए।

सामने आए CCTV फुटेज में दिख रहा है कि चोर पहले घर के बगल स्थित पार्किंग के मुख्य गेट तक पहुंचे। इसके बाद उनका एक साथी दीवार के सहारे अंदर घुसा और पार्किंग गेट तोड़कर बाकी चोरों को अंदर बुलाया। इसके बाद तीन चोर दीवार के सहारे घर के पीछे की बालकनी तक पहुंचे और दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश कर गए। चोरी के दौरान आवाज होने पर संजीव भारती की नींद खुल गई। उन्होंने अपनी मां को बचाने की कोशिश की, इसी दौरान चोरों के साथ उनकी हाथापाई हुई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी दीवार फांदकर बिहटा रेलवे स्टेशन की ओर भागते नजर आए। पुलिस ने घटनास्थल से एक टूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसे चोरों का बताया जा रहा है। आशंका है कि भागने के दौरान किसी आरोपी का मोबाइल गिर गया। बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है।




## जनता दरबार बंद होने के बाद लौट रहे कई फरियादी

एजेंसी, पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद 17, 18, 20, 21 और 23 अप्रैल को जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित किया था। इन कार्यक्रमों में राज्य के अलग-अलग जिलों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखी थीं। लेकिन 23 अप्रैल के बाद से जनता दरबार का आयोजन नहीं होने के कारण अब रोजाना बड़ी संख्या में फरियादी पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय पहुंच रहे हैं। अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आने वाले लोग मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं होने पर निराश लौट रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि जनता दरबार में आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और अब दोबारा मुख्यमंत्री से मिलने का भी मौका नहीं मिल पा रहा है।

**चार हजार आवेदन दे चुके, फिर भी कार्रवाई नहीं- श्रवण कुमार:** मधुबनी जिले से आए श्रवण कुमार ने बताया कि, वह अमरिका देवी की जमीन और मकान पर कथित कब्जे के मामले को लेकर पिछले तीन दिनों से पटना में भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि, 'अमरिका देवी की पुश्तैनी खटियानी जमीन और घर पर जबरन कब्जा कर लिया गया है, लेकिन स्थानीय थाना कोई सुनवाई नहीं कर रहा। अब तक करीब चार हजार आवेदन अलग-अलग कार्यालयों में दे चुके हैं, लेकिन न तो भू-माफियाओं की गिरफ्तारी हुई और न ही प्राथमिकी दर्ज की गई।' श्रवण कुमार ने आरोप लगाया कि, 'मुख्यमंत्री सचिवालय में आम लोगों को अंदर तक जाने नहीं दिया जाता। मुख्य सचिव माधव सिंह के नाम से चिट्ठी मिलने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि मुलाकात हो जाएगी, लेकिन यहां आने पर उनसे भी भेंट नहीं हो सकी।'



**महिला सशक्तिकरण के लिए मदद मांगने आए थे- शैलेंद्र चौधरी:** हिलसा से आए शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि, वह पिछले दस वर्षों से अपने एनजीओ के जरिए महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कार्य कर रहे हैं। समाज सेवा के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की योजनाओं से सहायता की उम्मीद लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि, चार महीने पहले भी मुख्यमंत्री सचिवालय में आवेदन दिया गया था, लेकिन आज तक कोई जवाब नहीं मिला। जनता दरबार की जानकारी मिलने पर वे मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे थे, लेकिन अब पता चला कि मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो पाएगी।

सासाराम से आए राजेश कुमार ने बताया कि, 'हमारी संस्था "लोक कल्याण समिति" कई वर्षों से सामाजिक कार्य कर रही है, लेकिन सरकार से भुगतान नहीं मिलने के कारण संस्था के कर्मचारी बेरोजगार होते जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि, 'आर्थिक संकट की वजह से कई कर्मचारी काम छोड़ चुके हैं और संस्था का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। हमें भुगतान का आश्वासन तो दिया गया, लेकिन किसी को पैसा नहीं मिला।'

## संक्षिप्त समाचार

### शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 791 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में देसी चुलाई शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में कई अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी हुई है, जबकि कुछ की पहचान कर छापेमारी जारी है। चकिया थाना क्षेत्र के नया टोला बैसाहा गांव में विशेष छापेमारी अभियान चलाकर कुल 496 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं मधुबन थाना क्षेत्र में मनपुरवा नदी किनारे चलाए गए अभियान के दौरान 175 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक महिला एवं दो पुरुष शामिल हैं। इसके अलावा मधुबन डीह से 15 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। उधर पिपराकोठी थाना क्षेत्र के झखरा मुसहरी टोला में विशेष छापेमारी कर 105 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध शराब कारोबार में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### चौकीदार की सतर्कता से चोरी का खुलासा, चार आरोपी दबोचे गए

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पिपरा थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती के दौरान चौकीदार की सतर्कता से मिशन भंडार में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल की गई टियागो कार तथा चोरी किए गए खाद्य सामग्री को भी जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पिपरा थाना क्षेत्र में बाजार पहरा ड्यूटी के दौरान चौकीदार को संदिग्ध गतिविधि दिखाई दी। जांच करने पर पता चला कि श्री राम जानकी मिशन भंडार से चीनी, मैदा सहित अन्य खाद्य सामग्री चोरी कर आरोपी टियागो कार संख्या BR01DV2733 में लोड कर फरार होने का प्रयास कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो बोरा चीनी, एक बोरा मैदा सहित अन्य चोरी की सामग्री बरामद की गई। साथ ही चोरी में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### युवक की मौत से कोरैया गांव में मातम, घर पहुंचते ही मचा कोहराम



**बीएनएम @ तुरकौलिया**। थाना क्षेत्र के कोरैया गांव निवासी अरविंद कुमार की सड़क हादसे में मौत के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। रविवार की शाम बाइक की ठोकर से घायल अरविंद की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक की मां भागवंती देवी रो-रोकर बार-बार बेहोश हो जा रही थीं। ग्रामीण महिलाएं उन्हें संभालने में जुटी थीं। विलाप करते हुए वह कह रही थीं कि उनके घर का चिराग बुझ गया। बेटे की शादी की बात चल रही थी और जल्द ही लड़की देखने जाना था, लेकिन उससे पहले ही बेटा दुनिया छोड़कर चला गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के पिता मुन्ना पासवान ठेला चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि अरविंद बेल्डिंग का काम करता था। वह तीन बहनों का इकलौता भाई और परिवार का सबसे बड़ा पुत्र था। एक बहन की शादी हो चुकी है, जबकि दो बहनें अभी पढ़ाई कर रही हैं। परिजनों के अनुसार, रविवार की शाम अरविंद अपने रिश्तेदार रंजीत कुमार और राजा कुमार के साथ गांधीघाट के पास खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अपाची बाइक ने तीनों को ठोकर मार दी और चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया। इलाज के लिए सभी को तुरकौलिया सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल रंजीत और राजा का इलाज मोतिहारी के निजी अस्पताल में चल रहा है। प्रभारी थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि अब तक परिजनों से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विवाहिता के अपहरण का मामला दर्ज, नकद व जेवर ले जाने का आरोप

**बीएनएम @ तुरकौलिया**। रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के बनपुरवा गांव निवासी विकास साहनी ने रघुनाथपुर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में विकास साहनी ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 में रघुनाथपुर निवासी जमादार साहनी की पुत्री खुशी देवी से हुई थी। शादी के बाद पत्नी की इच्छा पर उसने रघुनाथपुर में जमीन खरीदकर मकान बनवाया और परिवार के साथ रहने लगा। वह बंगलौर में जेसीबी ऑपरेटर का कार्य करता है। पीड़ित के अनुसार, बंगलौर से लौटने पर उसने घर पर कुछ लोगों का आना-जाना बढ़ा हुआ देखा। पत्नी को समझाने के बाद वह वापस काम पर चला गया। कुछ दिनों बाद लौटने पर उसकी पत्नी घर से गायब मिली। उस समय घर पर उसके साढ़ू शीतल साहनी, ललिता देवी, सिया देवी और रामसाजन साहनी मौजूद थे। विकास साहनी ने आरोप लगाया कि बीरबल साहनी ने अन्य परिजनों के साथ मिलकर उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। साथ ही पत्नी घर से करीब दो लाख रुपये नकद एवं लगभग दो लाख रुपये के जेवरात भी लेकर चली गई। अपर थानाध्यक्ष मिंटू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा महिला की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### हरसिद्धि के सहयोग शिविर में शामिल होंगे ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार

**बीएनएम @ हरसिद्धि**। पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि प्रखंड अंतर्गत सोनबरसा एवं पानापुर पंचायत में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार शामिल होंगे। मंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। दोनों पंचायतों में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। जानकारी के अनुसार सहयोग शिविर में आवास योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, किसान सहायता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी योजनाओं पर विशेष फोकस रहेगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहेंगे, जो मौके पर ही आवेदन प्राप्त कर समस्याओं का निपटारा करेंगे। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार शिविर के दौरान लाभुकों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी करेंगे। मंत्री के आगमन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तैयारी का जायजा लिया जा रहा है। सहयोग शिविर को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

### ढाका-राघोपुर में बैट्री रिक्शा पलटने से बड़ा हादसा, पूरा परिवार घायल

**बीएनएम @ सिकरहना**। ढाका थाना क्षेत्र के राघोपुर में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बैट्री रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उस पर सवार पूरा परिवार घायल हो गया। हादसे में महिलाएं और बच्चे भी जख्मी हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रिक्शा अचानक संतुलन खो बैठा, जिसके बाद वह सड़क पर पलट गया। दुर्घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन सेवा की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को रिक्शा से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं अग्निशमन टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। फिलहाल सभी घायलों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# जिले में आज से शुरू होगा सहयोग शिविर, पहले चरण में 54 पंचायतों में लगेगा कैंप

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन आज से शुरू होगा। पहले चरण में जिले के 54 पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे मंगलवार को पंचायतवार निर्धारित रोस्टर के अनुसार लगाए जाएंगे। सहयोग शिविर की तैयारी एवं सफलता को लेकर सौरभ जोरवाल ने समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार सहयोग शिविर में शामिल होंगे और जिले के तीन पंचायतों में स्वयं उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के प्रभारी सचिव शीर्षत कपिल अशोक भी विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण करेंगे। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने आवंटित पंचायतों में शिविर के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शिविर में लोगों के बैठने, शेड, पेयजल तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था करने को कहा गया।

**इन पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर–** आज आदापुर, छौरादानो, रामगढ़वा, रक्सौल, बनकटवा, चिरैया, ढाका, घोड़ासहन, मधुबन, पकड़ीदयाल, पताही, फेनहारा, तेतरिया, बंजरिया, कोटवा, मोतिहारी, पिपरा कोठी, सुगौली, तुरकौलिया, चकिया, कल्याणपुर, केसरिया, मेहसी, अरेराज, हरसिद्धि, पहाड़पुर एवं संग्रामपुर प्रखंड के दो-दो पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित होंगे। हरसिद्धि प्रखंड के पानापुर रंजीता एवं सोनबरसा पंचायत, जबकि तुरकौलिया प्रखंड के जयसिंहपुर पूर्वी एवं जयसिंहपुर दक्षिणी पंचायत में भी शिविर लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अब तक प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर संबंधित आवेदकों को सूचना दी जाए तथा शिविर में प्राप्त होने वाले नए आवेदनों का भी त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। आदापुर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी नंबर प्लेट बदलकर, फर्जी कागजात तैयार कर और चेचिस नंबर में छेड़छाड़ कर चोरी की बाइक नेपाल में बेचते थे। जानकारी के अनुसार, भारत-नेपाल सीमा स्थित मटियरवा बॉर्डर के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध बाइक को रोका। एचएचडी मशीन से जांच करने पर बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर एवं चेचिस नंबर में अंतर पाया गया। इसके बाद बाइक चालक नेपाल के बारा जिला निवासी रंजन कुमार साह तेली एवं आनंद कुमार साह तेली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने बाइक आदापुर निवासी हृदेश कुमार जायसवाल से खरीदने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर हृदेश कुमार जायसवाल एवं अजय कुमार उर्फ हरिओम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे चोरी की बाइक का नंबर प्लेट बदलकर, फर्जी दस्तावेज तैयार कर तथा चेचिस नंबर में टेंपरिंग कर नेपाल में बिक्री करते थे। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में नेपाल के बारा जिला निवासी रंजन कुमार साह तेली एवं आनंद कुमार साह तेली, जबकि पूर्वी चंपारण के आदापुर थाना क्षेत्र निवासी हृदेश कुमार जायसवाल और अजय कुमार उर्फ हरिओम कुमार शामिल हैं। छापेमारी टीम में आदापुर थाना पुलिस के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी जारी है।

## 11 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से जनाजे में शामिल छह लोग झुलसे

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया**। सिक्टा प्रखंड अंतर्गत गौरीपुर बाजार स्थित कब्रिस्तान में जनाजे के दौरान बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से जनाजे में शामिल छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी और चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार गौरीपुर बाजार निवासी शेख बदरुल की 30 वर्षीय पत्नी का इंतकाल हो गया था। उन्हें दफनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तान पहुंचे थे। इसी दौरान कब्र के पास खटोला उठाते समय नीचे झूल रहे हाईटेंशन तार से संपर्क हो गया, जिससे तेज करंट प्रवाहित होने लगा और छह लोग उसकी चपेट में आ गए। जनाजे में शामिल मोहम्मद जुनैद अख्तर ने बताया कि बिजली का तार काफी नीचे झूल रहा था। खटोला उठाने के दौरान वह तार से छू गया, जिसके कारण हादसा हुआ। घायलों में दो युवकों का इलाज बलथर स्थित अस्पताल में चल रहा है, जबकि दो अन्य का उपचार गौरीपुर बाजार में स्थानीय स्तर पर कराया जा रहा है। वहीं शेष दो घायलों का इलाज मैनाटांड़ प्रखंड के मारजादवा में चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कब्रिस्तान के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार के नीचे झूलने की शिकायत पहले भी बिजली विभाग से की गई थी। अभियंता को लिखित आवेदन भी दिया गया था, लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

## जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के तहत "जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान का शुभारंभ

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित "जनजातीय गरिमा उत्सव 2026" के अंतर्गत "जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान का उद्घाटन सोमवार को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सभा भवन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सौरभ जोरवाल ने किया। अभियान के तहत 19 मई से 25 मई 2026 तक जनजातीय बहुल गांवों एवं टोलों में विशेष कैंप आयोजित कर अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान जनजातीय समुदायों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जनजातीय विरासत के संरक्षण, समावेशी विकास और अधिकारों को सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा होगी। कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं अभियान की जानकारी दी गई तथा लाभार्थियों से संवाद किया गया। अधिकारियों ने जनजातीय समुदायों के विकास के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले के केसरिया प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी सरोत्तर एवं बैरिया पंचायत तथा कल्याणपुर प्रखंड के दरमाहा एवं सिसवा पटना (हाजीपुर) पंचायतों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 19, 21 और 22 मई को हकदारी अभियान के तहत संतृप्ति कैंप, मेडिकल कैंप एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 20 मई को प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारी गांवों और टोलों का भ्रमण करेंगे। 23 मई को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 24 मई को अभियान की उपलब्धियों का दस्तावेजीकरण तथा 25 मई को जिलाधिकारी द्वारा डिब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में संबंधित जिलास्तरीय, प्रखंड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में मरवाड़ी महिला समिति ने किया पौधारोपण

» अस्पताल उपाधीक्षक स्वाति सपन को किया सम्मानित

बीएनएम @ रक्सौल



**रक्सौल**। पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में मरवाड़ी महिला समिति द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति की महिलाओं ने अस्पताल परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए और लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर समिति की सदस्यों ने अस्पताल उपाधीक्षक स्वाति सपन को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उपाधीक्षक स्वाति सपन ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। लगातार बढ़ते प्रदूषण और पेड़ों की कटाई के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के प्रति जागरूक होना चाहिए। समिति की महिलाओं ने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकता है। उन्होंने अस्पताल आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों से भी पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने की अपील की। इस मौके पर अस्पताल में कार्यरत विजय कुमार ने मरवाड़ी महिला समिति के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से ही पर्यावरण संरक्षण का अभियान सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में हरियाली बढ़ने से मरीजों को भी सकारात्मक वातावरण मिलेगा। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति की सदस्या वीणा गोयल एवं सोनू काबरा ने किया। मौके पर समिति की कई सदस्याएं एवं अस्पताल कर्मी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

## मोतिझील मार्ग से हटाई गई मछली दुकानें, नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



बीएनएम @मोतिहारी

**मोतिहारी**। नगर निगम द्वारा सोमवार को मोतिझील मार्ग स्थित गायत्री मंदिर के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त आशीष कुमार के नेतृत्व में जेसीबी की मदद से सड़क किनारे लगी मछली दुकानों को हटाया गया। साथ ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से कुल 2500 रुपये जुर्माना भी वसूला गया। नगर निगम के अनुसार, सड़क किनारे अवैध रूप से लग रही दुकानों के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इसके अलावा मोतिझील सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में भी परेशानी हो रही थी। निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में कई बार दुकानदारों को हटाया गया था और जुर्माना भी लगाया गया था, लेकिन पुनः अतिक्रमण कर लिया जाता था। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में स्वच्छता और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा। अभियान में दोनों नगर प्रबंधक, दोनों स्वच्छता पदाधिकारी, सभी स्वच्छता निरीक्षक, सहायक प्रफुल चन्द्र, स्वच्छता साथी एवं निगम के गार्ड मौजूद रहे।

## हरसिद्धि पुलिस की कार्रवाई, 50 लीटर शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

बीएनएम @ हरसिद्धि



**हरसिद्धि**। थाना क्षेत्र में शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 50 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद करते हुए एक कारोबारी एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान बिना नंबर की एक हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक भी जब्त की गई, जिसका चेचिस एवं इंजन नंबर घिसा हुआ पाया गया। पुलिस ने छापेमारी के दौरान मलदहिया निवासी विनोद कुमार को गिरफ्तार किया। वहीं एक विधि विरुद्ध बालक को भी हिरासत में लिया गया। दोनों को पूछताछ के बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में अग्रसारित किया गया। इसके अलावा शराब सेवन के आरोप में जयसिंहपुर मौजे निवासी मुकेश कुमार, बहादुरपुर निवासी इंदु राय तथा लोरिया निवासी दीपक गिरी को गिरफ्तार किया गया। वहीं विशेष छापेमारी अभियान के दौरान वारंटी रितेश कुमार तिवारी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शराब कारोबारियों एवं वारंटियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी हाल में अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# रामगढ़वा में PMMVY योजना में फर्जी भुगतान का आरोप, करोड़ों रुपये के गबन की आशंका

बीएनएम @ रक्सौल @ अमलेश कुमार

**रक्सौल**। रामगढ़वा प्रखंड की बाल विकास परियोजना एक बार फिर गंभीर विवादों में घिर गई है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना (PMMVY) के तहत कथित रूप से एक हजार से अधिक फर्जी लाभार्थियों के नाम पर करोड़ों रुपये के भुगतान का मामला सामने आया है। इसको लेकर विभागीय कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि सीडीपीओ कार्यालय द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी को टालने का प्रयास किया जा रहा है तथा मामले की जांच में भी लापरवाही बरती जा रही है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा लगातार तीन बार आवेदन देकर योजना से संबंधित सूचनाएं मांगी गईं, लेकिन विभाग की ओर से अब तक स्पष्ट और दस्तावेजी जवाब उपलब्ध नहीं कराया गया। आरोप है कि योजना के तहत ऐसे लोगों को भी लाभ दिया गया, जिनके पहले से कई बच्चे हैं और जिनकी उम्र 35 से 37 वर्ष के बीच है। जबकि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का लाभ मुख्य रूप से पहले एवं दूसरे बच्चे के जन्म पर निर्धारित शर्तों के आधार पर ही दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार, 2 दिसंबर 2025 को पहली बार आरटीआई आवेदन देकर वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के लाभार्थियों की सूची, भुगतान का विवरण और जांच से संबंधित जानकारी मांगी गई थी। इसके बाद 2 फरवरी 2026 तथा 5 मार्च 2026 को दोबारा आवेदन देकर फर्जी भुगतान की जांच रिपोर्ट और अब तक की गई कार्रवाई का ब्योरा मांगा गया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। धरातलीय जांच में लाभार्थियों की सूची के क्रमांक 60, 61, 63, 65, 66 और 67 को संदिग्ध एवं फर्जी बताया गया है। आरोप है कि पात्रता मानकों को पूरा नहीं करने के बावजूद इन खातों में सरकारी राशि भेज दी गई। इससे पूरे मामले में बड़े स्तर पर गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है। मामले को लेकर पूछे जाने पर रश्मि कुमारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में अनियमितता पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि लाभार्थियों की पात्रता से जुड़े सवालों पर उन्होंने सिर्फ जांच जारी होने की बात कही। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक न तो किसी कर्मी पर कार्रवाई हुई है और न ही फर्जी भुगतान की राशि की वसूली या निलंबन से संबंधित कोई आधिकारिक दस्तावेज सार्वजनिक किया गया है। इससे विभागीय मिलीभगत की आशंका और गहरा गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुबरा गांव में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बीएनएम @ हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र के कुबरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर में लगे पंखे से लटकता शव बरामद किया। मृतका की पहचान कुबरा गांव निवासी विकास साहनी की 19 वर्षीय पत्नी काजल कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, काजल की शादी करीब सात माह पूर्व हुई थी। घटना रविवार रात की बताई जा रही है, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से विभिन्न साक्ष्य एवं नमूने एकत्र किए, ताकि मौत के कारणों की वैज्ञानिक जांच की जा सके। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का। दोनों बिंदुओं पर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि अब तक परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं एफएसएल जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो सकेगा।

### दहेज हत्या मामले में फरार अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण

**बीएनएम @कोटवा।** भोपतपुर थाना कांड संख्या 33/26 में दर्ज दहेज हत्या मामले के फरार अभियुक्त चंदन कुमार ने पुलिस दबाव बढ़ने के बाद न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी बैरिया गांव का निवासी बताया गया है। जानकारी के अनुसार, दहेज हत्या के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी और दबिश दे रही थी। साथ ही न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार तामिला की कार्रवाई भी की गई थी। लगातार बढ़ते पुलिस दबाव और कानूनी कार्रवाई के बाद अभियुक्त ने कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दहेज हत्या जैसे गंभीर मामले में आरोपी का आत्मसमर्पण पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किसान की मौत

**बीएनएम @ बगहाः** नदी थाना के नैनाहा ढाला के समीप रविवार की रात उत्तर प्रदेश से एक जोड़ी बैल लेकर आ रहे एक किसान को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गए थे।पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। नदी थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि बगहा पुलिस जिला के खैरटवा भिडारी गांव निवासी बलिराज यादव यूपी से दो बैलों की खरीदारी कर बैल को लेकर अपने घर भिड़ारी आ रहे थे। इसी दौरान रविवार की रात नैनाहा ढाला के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बलराज यादव को ठोकर मार दिया।

### बिहार भूमि न्यायाधिकरण में सदस्यों की संख्या बढ़ी

**बीएनएम @ पटना।** बिहार में भूमि विवादों के तेजी से निष्पादन और लंबित मामलों के त्वरित निपटारे को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। बिहार भूमि न्यायाधिकरण में सदस्यों की संख्या चार से बढ़ाकर सात कर दी गई है। इसके साथ ही न्यायाधिकरण में पांच नए न्यायिक सदस्यों की नियुक्ति भी की गई है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार भूमि विवादों से जुड़े मामलों के समयबद्ध निष्पादन को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को शीघ्र न्याय दिलाने और भूमि संबंधी मामलों का तेजी से समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कहा कि सदस्यों की संख्या बढ़ने से मामलों की सुनवाई और निष्पादन में तेजी आएगी तथा लोगों को लंबे समय तक न्याय का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### बेहतर संवाद कौशल व्यक्ति को पेशेवर बनाता है : डॉ. संकेत

**बीएनएम @ समस्तीपुर।** वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ ऑथर्स एंड रिसर्चर्स द्वारा "व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन में सफलता हेतु संचार कौशल" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रभावी संचार को सफलता की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी बताया। मुख्य वक्ता ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के सहायक प्राध्यापक डॉ. संकेत झा ने कहा कि प्रभावी संचार के चार प्रमुख स्तंभ स्पष्टता, सक्रिय श्रवण, गैर-मौखिक संकेत तथा अनुकूलनशीलता हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर संवाद कौशल व्यक्ति को पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद करता है। विशिष्ट वक्ता डॉ. युगेश्वर साह ने सक्रिय रूप से सुनने की आदत विकसित करने और संचार में आने वाली बाधाओं को दूर करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन जीएमआरडी कॉलेज, मोहनपुर, समस्तीपुर के वरीय सहायक प्राध्यापक एवं आयोजन सचिव डॉ. लक्ष्मण यादव ने किया। उन्होंने बताया कि यह समस्तीपुर चैप्टर का प्रथम कार्यक्रम था, जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

### रामाधीन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

**बीएनएम @ शेखपुराः** सोशलिस्ट स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के छात्र नेता आलोक यादव के नेतृत्व में छात्रों ने रामाधीन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को परिसर में आवश्यक सुविधाओं की बहाली को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि महाविद्यालय में पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे छात्र परेशान हैं। इसके अलावा, कॉलेज ग्राउंड में लाइट न होने से शाम को अंधेरा रहता है, कक्षाओं में पंखे कम हैं और छात्रों के बैठने के लिए शेड की व्यवस्था भी नहीं है। छात्रों ने सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी की। छात्र नेता ने प्रधानाचार्य से ७२ घंटे के भीतर इन समस्याओं को दूर करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि सुधार न होने पर वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

### पाटलिपुत्र-बगहा इंटरसिटी में जुड़ीं चार अतिरिक्त बोगियां

**बीएनएम @ बगहाः** यात्रियों की बढ़ती भीड़ और लंबे समय से हो रही मांग के बाद 15201/15202 पाटलिपुत्र-बगहा इंटरसिटी एक्सप्रेस में सोमवार से चार अतिरिक्त बोगियां जोड़ दी गईं। अब यह ट्रेन 12 की जगह 16 बोगियों के साथ संचालित होगी। इससे बगहा और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, सांसद सुनील कुमार की लगातार मांग के बाद पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर ने अतिरिक्त कोच जोड़ने का आदेश जारी किया।सोमवार सुबह बगहा स्टेशन से इंटरसिटी एक्सप्रेस नई व्यवस्था के साथ अपने निर्धारित समय पर पाटलिपुत्र के लिए रवाना हुई।ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों ने खुशी जताते हुए कहा कि अतिरिक्त बोगियां लगने से भीड़ कम होगी और सीट पाने में सहूलियत होगी। ट्रेन सुबह 4 बजे बगहा से खुलती है और 11:55 बजे पाटलिपुत्र पहुंचती है। वहीं वापसी में यह ट्रेन शाम 5:05 बजे पाटलिपुत्र से खुलकर रात 1:50 बजे बगहा पहुंचती है।




# बकाया रुपये मांगने गए किसान के साथ व्यवसायी ने की मारपीट, इलाज के दौरान मौत; आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

बीएनएम @ हरसिद्धि





**हरसिद्धि।** पहाड़पुर थाना क्षेत्र के सिसवा कोरड़ वार्ड संख्या 9 निवासी किसान मनोज कुमार सिंह की इलाज के दौरान मोतिहारी सदर अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घिउवाडार निवासी मक्का व्यवसायी भोला साह पर करीब एक वर्ष से 1,56,920 बकाया था। रुपये मांगने गए किसान को आरोपितों ने घर में बंद कर बेरहमी से मारपीट की। मृतक के परिजनों के अनुसार भोला साह, उनके पुत्र सुजीत कुमार, संजीत कुमार, अरमान अंसारी समेत अन्य लोगों ने मिलकर किसान की पिटाई की। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने मनोज कुमार सिंह को एक कमरे में बेहोशी की हालत में पाया।

**पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, इलाज के दौरान हुई मौत**-घटना की सूचना पर हरसिद्धि पुलिस मौके पर पहुंची और घायल किसान को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें मोतिहारी सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद पुलिस ने भोला साह के पुत्र संजीत कुमार को हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया। मामले की जांच दरोगा नीलम कुमारी कर रही थीं।

**मौत के बाद फूटा आक्रोश, थाना के सामने सड़क जाम**-किसान की मौत के बाद आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों ने हरसिद्धि थाना के सामने छपवा-अरेराज मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने शव को सड़क पर रख दिया और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। प्रदर्शनकारी पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए एसपी एवं डीआईजी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान दो घण्टे तक हरसिद्धि-छपवा मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित रहा। मौके पर अरेराज एसडीपीओ रवि कुमार, थानाध्यक्ष सुनील कुमार, अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, शशिभूषण कुमार, सेराज अहमद, रामबाबू यादव, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और लोगों को समझा- बुझाकर जाम को छुड़ा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## तकनीकी कार्य कराये जाने से किसान सलाहकार नाराज, बीएओ को सौंपा आवेदन



बीएनएम @ हरसिद्धि

**हरसिद्धि।** कृषि विभाग में कार्यरत प्रखंड के किसान सलाहकारों ने तकनीकी कार्य कराए जाने का विरोध करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी को आवेदन सौंपा है। किसान सलाहकारों का कहना है कि विभाग द्वारा उन्हें प्रगतिशील किसान का दर्जा दिया गया है, लेकिन उनसे विभिन्न तकनीकी कार्य कराए जा रहे हैं, जो नियमावली के विरुद्ध है। आवेदन में बताया गया है कि फार्म आईडी, फसल सहायता योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फसल कटनी, बिहार कृषि एप पर कार्य, पीएम किसान सत्यापन एवं मिट्टी नमूना जैसे तकनीकी कार्य किसान सलाहकारों से कराए जा रहे हैं। जबकि विभागीय नियमावली में किसान सलाहकारों की भूमिका केवल कृषि केंद्र संचालन एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार तक सीमित बताई गई है। किसान सलाहकार संघ के अध्यक्ष रजनी रंजन सिंह के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के किसान सलाहकारों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर नियमावली के अनुरूप ही कार्य लेने की मांग की है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी राघव प्रसाद ने बताया कि किसान सलाहकारों द्वारा आवेदन मिला जिसे वरीय अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। विभागीय निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पकड़ीदयाल अनुमंडल में राजस्व पदाधिकारी राकेश रंजन ने संभाला पदभार

बीएनएम @पकड़ीदयाल

**पकड़ीदयाल।** पकड़ीदयाल अनुमंडल में राजस्व से जुड़े कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से अनुमंडल कार्यालय में राजस्व पदाधिकारी राकेश रंजन ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके योगदान के बाद भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, जमीन मापी एवं राजस्व से जुड़े अन्य लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जाता है कि बीते 9 मार्च से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राजस्व पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी हड़ताल पर थे। सरकार के साथ वार्ता के बाद सभी अधिकारी पुनः कार्य पर लौट आए हैं। हड़ताल के कारण जमीन से जुड़े कई कार्य प्रभावित हो गए थे, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि आवश्यक कार्यों के निष्पादन के लिए संबंधित बीडीओ को प्रभार सौंपा गया था, लेकिन जमीन विवाद, मापी और दाखिल-खारिज जैसे कई मामले लंबित पड़े हुए थे। अब राजस्व



पदाधिकारी के कार्यभार संभालने के बाद इन मामलों के त्वरित निष्पादन की संभावना बढ़ गई है। राजस्व पदाधिकारी राकेश रंजन ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा तथा लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का प्रयास किया जाएगा।

## मैत्री ब्रिज पर 32.45 किलोग्राम गांजा जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार



बीएनएम @ रक्सौल

**रक्सौल।** 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा नेपाल सीमा पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। कार्रवाई के दौरान मैत्री ब्रिज चेक पोस्ट से 32.450 किलोग्राम गांजा के साथ एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार, 47वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट संजय पाण्डेय के निर्देश पर नशा तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में विशिष्ट सूचना के आधार पर बॉर्डर पिलर संख्या 309/33 के समीप मैत्री ब्रिज चेक पोस्ट पर नेपाल से भारत प्रवेश कर रही डस्टन कार संख्या BR 06 PD 5470 की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से कुल 32.450 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में चालक की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बदहरवा महानंद गांव निवासी मन्टू कुमार के रूप में हुई। एसएसबी ने जब्त गांजा एवं वाहन को एनडीपीएस एक्ट के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हरैया थाना पुलिस को सौंप दिया है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कमांडेंट संजय पाण्डेय ने कहा कि सीमा पर तैनात जवान ऐसे अवैध कारोबार के खिलाफ सतर्कता के साथ कार्रवाई जारी रखेंगे। वहीं हरैया थाना पुलिस मामले की जांच और कानूनी प्रक्रिया में जुटी हुई है।



## शाह स्वच्छ छवि वाली सरकार भी नहीं दे पाए

रैपर से राजनेता बने बालेंद्र शाह ने अपने चंद दिनों के शासनकाल में नेपाल को अशांत कर दिया है। पूर्व सरकारों के खिलाफ भड़के असंतोष के कारण उल्का की तरह उगे शाह स्वच्छ छवि वाली सरकार भी नहीं दे पाए हैं। बालेंद्र शाह को नेपाल का प्रधानमंत्री बने, अभी एक महीना नहीं हुआ है। लेकिन इसी बीच उनकी सरकार ने अलग- अलग जन समूहों में विरोध भड़का दिया है। वित्तीय गड़बड़ी के इल्जाम के कारण गृह मंत्री सुधन गुरुंग को इस्तीफा देना पड़ा। गुरुंग पिछले सितंबर में हुए हुए कथित जेन-जेड विद्रोह के प्रमुख संचालकों में थे। उनकी इसी भूमिका के कारण तजुर्बा ना होने के बावजूद उन्हें गृह मंत्रालय जैसा महत्त्वपूर्ण मंत्रालय मिला। मगर सिर्फ 26 दिन बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा। 27 मार्च को शपथ ग्रहण के बाद शाह सरकार से हटने वाले वे दूसरे मंत्री हैं। इसके पहले श्रम मंत्री दीपक शाह को भी वित्तीय गड़बड़ी के इल्जाम के कारण ही पद छोड़ना पड़ा था।

इस बीच शाह सरकार के कई फैसलों से नेपाल की सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों की कड़ी लग गई है। शाह ने अपने आरंभिक कदमों में सियासी पार्टियों से जुड़े छात्र संघों को भंग कर दिया। इससे छात्र नाराज हो गए। फिर फैसला लिया कि भारत से 100 नेपाली रुपये से अधिक का सामान लाने पर सीमा शुल्क चुकाना होगा। इससे भारतीय सीमा से जुड़े मधेस इलाके में विरोध भड़क उठा। शाह ने जो कदम सबसे पहले उठाया, वह पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी था। मगर सरकार उनके खिलाफ साक्ष्य पेश नहीं कर पाई, जिस कारण कोर्ट ने दोनों को रिहा कर दिया।

इससे ओली समर्थकों को सड़कों पर उतरने का मौका मिला। फिर शाह ने सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों, राष्ट्रपतियों और यहां तक कि पूर्व राजा की संपत्ति की जांच कराने का फैसला भी किया है। इससे आरोप लगा है कि बुनियादी समस्याओं का हल तलाशने के बजाय शाह बदले की भावना से काम कर रहे हैं। तो कुल मिला कर रैपर से राजनेता बने शाह ने अपने चंद दिनों के शासनकाल में नेपाल को अशांत एवं अस्थिर कर रखा है। पूर्व सरकारों की अकुशलता, कथित भ्रष्टाचार, और भाई-भतीजावाद से भड़के असंतोष के कारण उल्का की तरह उगे शाह स्वच्छ छवि वाली सरकार भी नहीं दे पाए। नतीजा, तेजी से उनकी चमक का उड़ जाना है।

# प्याऊ, परोपकार और भारतीय संस्कृति : खोती हुई संवेदनाओं की कहानी

सुनील कुमार महला

गर्मियों की भीषण तपिश से इन दिनों पूरा उत्तर भारत झुलस रहा है।सच तो यह है कि प्रचंड गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। वास्तव में,ऐसे मौसम में मनुष्य को भोजन से अधिक पानी की आवश्यकता होती है। आखिर जल ही जीवन है, प्राण है। विज्ञान मानता है कि मानव शरीर का अधिकांश भाग भी जल से निर्मित है, किंतु विडंबना यह है कि आज वही पानी बोतलों में कैद होकर बाज़ार की वस्तु बन गया है। आरओ और आधुनिक वाटर फिल्टरों के इस दौर में कभी भारतीय जीवन का अभिन्न हिस्सा रही 'प्याऊ' की परंपरा लगभग विलुप्तप्राय हो चुकी है। सरलशब्दों में कहें तो आज अधिकांश घरों में आरओ और आधुनिक वाटर फिल्टरों का उपयोग बढ़ गया है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक शुद्धिकरण की प्रक्रिया में पानी के कई आवश्यक प्राकृतिक खनिज- जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम भी कम हो जाते हैं। इसके विपरीत मिट्टी के घड़े का पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा, स्वादिष्ट और अपेक्षाकृत संतुलित माना जाता है। घड़ा पानी को केवल शीतल ही नहीं करता, बल्कि उसकी प्राकृतिक गुणवत्ता को भी काफी हद तक सुरक्षित रखता है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में घड़े का पानी स्वास्थ्य और प्रकृति दोनों के अधिक निकट माना गया है।

पाठक जानते हैं कि प्राचीन भारत में जगह-जगह पानी की प्याऊ लगाना केवल सेवा नहीं, बल्कि लोकधर्म और पुण्य का कार्य माना जाता था। विशेषकर राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में आज भी कहीं-कहीं यह परंपरा जीवित दिखाई देती है, जहां गंगासागर-अर्थात पीतल या तांबे के नलनुमा पात्र से राहगीरों, पथिकों और थके-हारे यात्रियों को प्रेमपूर्वक पानी पिलाया जाता है। गांवों में खेतों के किनारे पशुओं के लिए 'खेली' बनाई जाती थी, कुएं, कुंड और परंपरागत जल-स्रोतों की व्यवस्था रहती थी, किंतु अब ये दृश्य विरले ही दिखाई देते हैं।सच तो यह है कि प्यास बुझाने को पुण्य मानने वाली भारतीय संस्कृति धीरे-धीरे स्मृतियों में सिमटती जा रही है। भारतीय परंपरा में 'प्याऊ' अथवा 'प्रपा' सामाजिक संवेदना और मानवीय करुणा का प्रतीक रही है। भीषण गर्मी में राहगीरों और जरूरतमंदों को निःशुल्क शीतल जल उपलब्ध कराना सदियों पुरानी परोपकारी परंपरा थी। भारतीय शास्त्रों विशेषकर भविष्योत्तर पुराण और स्कंद पुराण में 'प्रपा दान' अर्थात जलदान को स्वर्णदान और गोदान के समान पुण्यदायी बताया गया है। पाठकों को बताता चलूं कि इसे कई स्थानों पर 'पौशाला' भी कहा जाता था। राजा, सेठ-साहूकार, व्यापारी तथा सामान्य लोग चौराहों, बाज़ारों और मार्गों पर प्याऊ लगवाते थे। बुजुर्ग बताते हैं कि कहीं राहगीरों को पानी के साथ गुड़, बताशे या भुने चने भी प्रेमपूर्वक दिए जाते थे। वास्तव में भारतीय संस्कृति में यह परंपरा केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं थी। लोग अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे रखते थे और पेड़ों के नीचे पशुओं के लिए पानी के पात्र भरकर रखते थे। जल-संरक्षण और जीवों के प्रति करुणा भारतीय जीवनशैली का स्वाभाविक हिस्सा थी। इतना ही नहीं, कई स्थानों पर प्याऊ पर पानी पिलाने के लिए विधवा महिलाओं अथवा जरूरतमंद लोगों को नियुक्त किया जाता था और उन्हें सम्मानपूर्वक मानदेय भी दिया जाता था। इस प्रकार से प्याऊ सेवा, संवेदना और रोजगार तीनों का माध्यम थी। आज भी कहीं कहीं रेलवे स्टेशनों पर हमें प्याऊ देखने को मिल जातीं हैं।

सदियों सदियों से उत्तर भारत में वैशाख और ज्येष्ठ के महीनों में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए जल-प्याऊ लगाई जाती रहीं हैं। लोग स्वयं खड़े होकर राह चलते व्यक्तियों को ठंडा पानी या शर्बत पिलाते थे, क्योंकि भारतीय संस्कृति में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। एक समय था जब शहरों में लगभग हर एक-दो किलोमीटर पर पेड़ों की छांव में पानी से भरे मिट्टी के घड़े रखे दिखाई देते थे। राहगीर स्वयं पानी निकालकर पीते और अपनी प्यास बुझाते थे। संपन्न और प्रतिष्ठित लोग गर्मियों में प्याऊ खुलवाते थे, जहां सेवाभावी लोग पुकार लगाते- पानी पी लीजिए, पानी पी लीजिए।आइए शीतल जल पीजिए और मन तथा आत्मा दोनों को तृप्त कीजिए। वास्तव में, यह दृश्य केवल आतिथ्य का ही प्रतीक नहीं था, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा था जिसमें जल को जीवन, धर्म और पुण्य-तीनों का आधार माना गया है।आज से लगभग सत्तर-अस्सी वर्ष पहले तक सेठ-साहूकार धर्म और लोकहित के नाम पर कुएं, बावड़ियां और तालाब खुदवाते थे। जल-संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी समझी जाती थी। किंतु आधुनिकता और उपभोक्तावादी जीवनशैली के प्रभाव में यह परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती चली गई। अब बाजार में पानी और तरह-तरह के शर्बतों तथा शीतल पेयों की छोटी-बड़ी बोतलें सहज उपलब्ध हैं। घरों की छतों पर मिट्टी के पात्र रखना, पशुओं के लिए पानी भरना, कुओं की सफाई करना-ये सब कभी मई-जून के महीनों में धार्मिक और सांस्कृतिक अनुशासन का हिस्सा हुआ करते थे, किंतु आधुनिक विकास मॉडल ने इस जीवन-दृष्टि को लगभग विस्मृत कर दिया है।

भारतीय संस्कृति में जल का महत्व अत्यंत गहरा और व्यापक रहा है। ऋग्वेद से लेकर पुराणों तक जल को पवित्रता, जीवन और चेतना का प्रतीक माना गया है। नदियों को मां, सरोवरों को तीर्थ और वर्षा को ईश्वर की कृपा समझा गया है। धार्मिक मान्यताओं में जल आत्मिक शुद्धि का माध्यम भी रहा है। यही कारण है कि दान की अनेक परंपराओं में जलदान को सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ। सिख धर्म में भी गर्मियों के दिनों में राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाने की 'छबील' परंपरा इसी मानवीय संवेदना का सुंदर उदाहरण है।

लेकिन विडंबना यह है कि जो देश कभी प्यासे को पानी पिलाने को सबसे बड़ा पुण्य मानता था, वही आज गंभीर जल संकट की ओर बढ़ रहा है। आज के समय में भूजल स्तर निरंतर नीचे जा रहा है। अनेक बड़े शहर गर्मियों में 'डे-जीरो' जैसी भयावह चेतावनियों का सामना कर रहे हैं। यह हमारे समय का सबसे बड़ा विरोधाभास है कि सामाजिक रूप से पानी का संकट गहराता जा रहा है, जबकि व्यावसायिक रूप से पानी हर जगह उपलब्ध है। पानी अब सेवा नहीं, व्यापार बनता जा रहा है। हालांकि, यह बात अलग है कि पिछले कुछ वर्षों में जल-संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। अनेक गांवों में वर्षा जल संचयन, तालाबों के पुनर्जीवन और पारंपरिक जल-संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने के प्रयास हो रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय समाज अपनी पुरानी सांस्कृतिक बुद्धिमत्ता की ओर लौटना चाहता है। किंतु उपभोक्तावाद और कारोबार की अंधी दौड़ इस चेतना को बार-बार कमजोर कर देती है।

यदि जल को पुनः जीवन, लोकधर्म और मानवीय संवेदना से जोड़ना है, तो भारतीय परंपरा की जल-संस्कृति को फिर से जीवित करना होगा। केवल जल-संरक्षण की योजनाएं पर्याप्त नहीं होंगी, बल्कि समाज में जल के प्रति सम्मान, करुणा और साझेदारी की भावना भी पुनर्जीवित करनी होगी। जब तक जल केवल बाजार की वस्तु बना रहेगा, तब तक उसकी आत्मा मरती रहेगी। आवश्यकता इस बात की है कि हम आधुनिकता के साथ-साथ अपनी उस सांस्कृतिक विरासत को भी बचाएं, जिसने जल को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का पवित्र आधार माना था।

( -सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, पिथौरागढ़, उत्तराखंड।)

# मायावती की निष्क्रियता : क्या खत्म हो जाएगी बसपा?

दिलीप कुमार पाठक

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक समय ऐसा था जब मायावती का नाम सुनते ही विरोधी दल अपनी रणनीति बदलने लगते थे। लेकिन आज जमीनी हकीकत पूरी तरह बदल चुकी है। देश की सियासत में यह चर्चा बहुत तेज है कि मायावती की जमीनी स्तर पर बढ़ती निष्क्रियता और पार्टी का लगातार गिरता वोट बैंक बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा को खत्म होने की कगार पर ले आया है। नौबत यहां तक आ गई है कि बसपा से उसका राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा भी कभी भी छिन सकता है। अगर हम आंकड़ों को देखें, तो बसपा की हालत इस समय सबसे खराब दौर में है। देश और उत्तर प्रदेश के चारो सदनों को मिलाकर देखें तो पार्टी के पास अब नाममात्र के नेता बचे हैं। लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने वाली बसपा का खाता तक नहीं खुला और देश के सबसे बड़े सदन में उसकी सीटें आज शून्य हैं। देश के उच्च सदन यानी राज्यसभा में बसपा का सिर्फ एक सांसद बचा है, जिनका कार्यकाल नवंबर 2026 में खत्म हो जाएगा। इसके बाद बसपा का कोई नया सांसद राज्यसभा नहीं जा पाएगा क्योंकि उत्तर प्रदेश विधानसभा में पार्टी के पास विधायक ही नहीं हैं।

जिस उत्तर प्रदेश में कभी मायावती ने चार बार मुख्यमंत्री बनकर सरकार चलाई थी, आज वहां की 403 विधानसभा सीटों में से बसपा के पास केवल एक विधायक बचा है। वहीं, उत्तर प्रदेश विधान परिषद में भी बसपा की सीटें अब जीरो हो चुकी हैं। इस भारी गिरावट का सबसे बड़ा कारण मायावती की राजनीति करने का तरीका है। पिछले कुछ सालों से वे केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस या सोशल मीडिया पर बयान जारी करने तक सीमित हो गई हैं। वे न तो जनता के मुद्दों पर सड़कों पर उतर रही हैं और न ही महंगाई, बेरोजगारी या दलित उत्पीड़न जैसे मामलों पर कोई बड़ा आंदोलन कर रही हैं। नेता की इस निष्क्रियता के कारण पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता निराश होकर घर




बैठ गए या दूसरी पार्टियों में शामिल हो गए। इसी का नतीजा है कि आम चुनाव में बसपा का कुल वोट शेयर घटकर मात्र दो प्रतिशत के आसपास रह गया। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, इतने कम वोट शेयर और बिना किसी सीट के बसपा का राष्ट्रीय पार्टी का तमगा जाना लगभग तय है।मायावती के इस तरह शांत बैठने और बसपा के कमजोर होने का सीधा फायदा दूसरी पार्टियों को मिल रहा है। बसपा का जो कोर मुस्लिम और दलित वोट बैंक था, उसका एक बड़ा हिस्सा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन की तरफ चला गया है। वहीं, गरीब और गैर-जाटव दलितों का एक बड़ा वर्ग सरकारी योजनाओं जैसे मुफ्त राशन और आवास के कारण भाजपा के साथ जुड़ गया है। इसके अलावा, युवाओं के बीच चंद्रशेखर आजाद एक नए और आक्रामक दलित नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने नगीना सीट से लोकसभा चुनाव जीतकर यह साबित कर दिया कि बसपा का वोटर अब नया विकल्प ढूंढ चुका है। जमीनी हकीकत यह भी है कि मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को राजनीति में आगे तो बढ़ाया और उन्हें अपना उत्तराधिकारी भी घोषित किया, लेकिन उनके आक्रामक भाषणों के बाद उन्हें कुछ समय के लिए किनारे कर दिया गया। नेतृत्व के इस असमंजस ने कार्यकर्ताओं को और ज्यादा भ्रमित कर दिया। जब तक पार्टी में युवाओं को खुलकर फैसले लेने की आजादी नहीं मिलेगी, तब तक नए दौर के वोटरों को जोड़ना नामुमकिन है। साफ शब्दों में कहें तो बसपा इस समय अपने अस्तित्व की सबसे कठिन लड़ाई लड़ रही है। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव बिल्कुल नजदीक हैं। अगर मायावती ने अब भी अपनी बंद कमरों वाली रणनीति नहीं बदली, आकाश आनंद जैसे युवा नेताओं को कमान सौंपकर सड़कों पर संघर्ष शुरू नहीं किया, तो बसपा का राजनीतिक वजूद हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। क्योंकि राजनीति में शून्य के लिए कोई जगह नहीं होती। अगर बसपा अपनी जमीन छोड़ रही है, तो लोकतंत्र का नियम है कि कोई न कोई उस खाली जगह को भरेगा ही। अब फैसला मायावती को करना है कि वे इतिहास का हिस्सा बनना चाहती हैं या भविष्य का। (लेखक पत्रकार हैं)

# ट्रंप की चीन यात्राः बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले

तनवीर जाफ़री

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गत 13-14 मई को चीन का बहुप्रतीक्षित दौरा किया। विश्व की इन दोनों महाशक्तियों के प्रमुखों की मुलाक़ात पर पूरे विश्व की निगाहें लगी हुई थीं। ख़ासकर अमेरिका-ईरान के मध्य चल रहे तनाव के बीच इस मुलाक़ात को काफ़ी अहम माना जा रहा था। दुनिया की नज़रें इस बात पर भी टिकी थीं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जोकि अनेक फ्राँस,ब्रिटेन व यूक्रेन जैसे कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ अपनी असामान्य हरकतों से पेश आने व असहज करने वाले बयानों के लिये सुर्ख़ियों में रहते हैं, आख़िर चीन में उनकी भाषा,रवैय्या व बर्ताव कैसा रहेगा। बहरहाल,जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के आगमन पर दुनिया के तमाम देश अपनी पलकें बिछाये रहते हैं और प्रायः अमेरिकी राष्ट्रपति के समकक्ष ही हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करते हैं वहीं बीजिंग में उनके स्वागत के लिये चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग स्वयं नहीं पहुंचे बल्कि उपराष्ट्रपति हान झेंग ने राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत किया। हान झेंग हालांकि सीधे तौर पर चीन के विदेश मंत्री नहीं हैं परन्तु विदेश मामलों में उनकी भूमिका मुख्यतः कूटनीतिक प्रतिनिधित्व, उच्च-स्तरीय मुलाक़ातें , और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की होती है। ट्रंप और जिनपिंग के बीच बीजिंग में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान घटी एक असामान्य घटना ने पूरे विश्व का ध्यान अपनी तरफ़ खींचा। बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अपने स्थान से उठने के बाद ट्रंप ने शी जिनपिंग के पास रखी उनकी व्यक्तिगत "डायरी" के पन्ने पलट कर चुपके से झांकने की कोशिश की। "निजी ताक-झांक" की इस हरकत को विशेषज्ञों व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा ट्रंप की व्यक्तिगत शैली से जोड़कर देखा गया। इस घटना को दस्तावेज़ या नोट में बिना पूछे झांकना, दूसरे नेता को "पलायन" या नियंत्रण की स्थिति में दिखाना और संवाद दौरे के दौरान नर्म दबाव बनाने की चाल चलना आदि के रूप में भी परिभाषित किया गया। दुनिया ने चीन दौरे के दौरान उसी राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बॉडी लैंग्वेज पर भी नज़र रखी। राष्ट्रपति ट्रंप चीन में अत्यंत संतुलित भाषा का प्रयोग करते और अपने चीनी समक्ष के सामने पूरी नरमी से पेश आते दिखाई दिये। अपनी चीन यात्रा के बाद अमेरिकी प्रशासन और स्वयं राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कई स्तरों पर बयान जारी किए गए



जिनमें इस यात्रा को "ऐतिहासिक" और "सफल" बताया गया। ट्रंप ने अमेरिका वापस लौटने के बाद कहा कि शी जिनपिंग के साथ हुई बैठक को इतिहास में दो महान शक्तियों (G 2) की ऐतिहासिक मुलाक़ात के रूप में याद किया जाएगा।उन्होंने इस मुलाक़ात को अविस्मरणीय भी कहा। उन्होंने बताया कि यह "दो महान देशों के नेताओं की मुलाक़ात थी । चीन यात्रा के बाद ईरान पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों यह मानते हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए और हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य को "तुरंत खोलना" ज़रूरी है। परन्तु यह बात ट्रंप ने अमेरिका जा कर तो कही जबकि चीन की ओर से अपने बयान में इस बात का कोई ज़िक्र नहीं हुआ। ट्रंप ने अपनी इस यात्रा को "सौदेबाज़ी की सफलता" और अमेरिकी उद्योगों के लिए बड़े अवसर के रूप में भी पेश किया।

उधर चीन की ओर से ट्रंप को ताइवान को लेकर सख़्त शब्दों में चेतावनी दी गयी जिसके बाद ताइवान मुद्दे पर ट्रंप की भाषा और रुख़ दोनों ही बदल गये। ट्रंप की यात्रा के बाद चीन ने अपनी "रेड लाइन" को दोहराया और ख़ासकर ताइवान मुद्दे पर अपना सख़्त लहजा रखा। चीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति पक्ष के बयानों में ताइवान को अपना "अविभाज्य हिस्सा" बताया गया और यह चेतावनी दी गई कि अगर अमेरिका ने ताइवान के साथ सैन्य रणनीतिक संबंध बनाए या ताइवान को अधिक हथियार बेचे, तो यह दोनों ताक़तों के बीच "टकराव और यहां तक कि संघर्ष" को न्यौता दे सकता है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप के समक्ष चेतावनी भरे अंदाज़ में स्पष्ट शब्दों में ज़ोर देकर कहा कि ताइवान मुद्दा पूरी तरह चीन का "आंतरिक मामला" है और किसी बाहरी ताक़त को इसमें हस्तक्षेप करने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, अगर इसे सही तरीक़े से नहीं संभाला गया तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं। संभवतः यह पहला अवसर था जबकि किसी राष्ट्राध्यक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष चेतावनी भरे लहजे में टकराव और संघर्ष की बात कही हो। चीन की इस चेतावनी के बाद जो अमेरिका व्यवहार में ताइवान को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक व सैन्य सहयोगी मानता आया है, उसे चीन से अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार देता है और चीन के विरोध के बावजूद उसकी स्वतंत्र जैसी स्थिति को बनाए रखने के लिए रणनीतिक तौर पर समर्थन देता है। उसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताइवान को चीन से वापसी के बाद अब औपचारिक रूप से ताइवान को आज़ादी का ऐलान करने के ख़िलाफ़ चेतावनी दे दी है। ट्रंप ने कहा है कि मैं नहीं चाहता कि कोई स्वतंत्रता की ओर बढ़े। ट्रंप ने यह भी कहा कि सोचिए, हमें युद्ध लड़ने के लिए 9,500 मील दूर जाना पड़ेगा। मैं ऐसा नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि हालात शांत हों। मैं चाहता हूं कि चीन भी शांत रहे। ग़ौरतलब है कि जो अमेरिका क़ानूनी तौर पर ताइवान को आत्मरक्षा के लिए संसाधन मुहैया कराने के लिए बाध्य था उसी अमेरिका को चीनी राष्ट्रपति की चेतावनी के बाद चीन के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए रखने के कारण अब संतुलन साधना पड़ रहा है। उधर चीन स्पष्ट रूप से ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। और वो ये भी कहता रहता है कि जरूरत पड़ने पर वह बल प्रयोग से उसे अपने अधीन कर सकता है। चीन ने ईरान युद्ध को लेकर भी अमेरिकी रुख़ का समर्थन करने के बजाये इसे इस तरह की लड़ाई बताया जो "मूल रूप से होनी ही नहीं चाहिए थी" गोया अमेरिका-इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपा गया युद्ध। चीन ने अमेरिका और ईरान के बीच जल्द समाधान की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया। व्यापारिक स्तर पर भी ट्रंप को उतनी बड़ी सफलता हासिल नहीं हुई जितनी उम्मीद की जा रही थी। क्योंकि उनके साथ एलन मस्क,टिम कुक,जेन्सेन हुआंग,संजय मेहरोत्रा,केली ऑर्टबर्ग जैसे विश्व के 17 प्रमुख अमेरिकी उद्योगपति और कॉर्पोरेट अधिकारी बीजिंग गए थे।




**मेष राशि** : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको जीवन में कुछ नए अवसर मिलेंगे। जो आपकी पर्सनल लाइफ के लिए अच्छे रहेंगे। अभी आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं या पदोन्नति पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं तो आपकी योजनाएं सफल होंगी। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। थोड़ी और मेहनत से सफलता मिलेगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन खास रहेगा। आज आप कुछ नयी बातें सीखेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों के लिए अच्छा समय है। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। इस दौरान आपको अपने कौशल के दम पर नौकरी मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको लग्जरी चीजों का लाभ उठाने का भरपूर मौका मिलेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके कामकाजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपकी पदोन्नति या नई नौकरी मिलने के योग हैं। आपके जीवन में खुशहाली आएगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

**कर्क राशिः** आपके लिए आज का दिन नई उम्मीदों से भरा रहेगा। आज आपके तय किए गए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह आपको प्रसन्नता होगी। आप किसी बड़ी संपत्ति में निवेश करेंगे। आपके आय में वृद्धि होगी साथ ही आप आमदनी के नए अवसर भी खोजेंगे। आपके कार्यों में देरी हो सकती है।

**सिंह राशिः** आपके लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आपके प्रति शत्रु भाव रखने वाले लोग आपसे दूरी बनाएंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आपको सरकारी कर्जमाफी का लाभ भी मिल सकता है। आज हो सके तो नये कामों को शुरूआत कर दें, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज ऑफिस में कार्यों के प्रति अपने विचार रखने में दिक्कतें आएंगी, बेहतर यही होगा की आज आप अपनी राय देने से बचें।

**कन्या राशिः** आज का दिन उत्साह भरा होगा। आप आज आशावादी बने रहेंगे। आपका सोशल सर्किल पहले से बेहतर होगा साथ ही लोगों के प्रति आपका व्यवहार कौशल में भी सुधार आएगा। आज आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं को सुलझाने में सफल होंगे। व्यापार में आज अधिक धन लाभ की संभावना है। जो लोग नौकरी पाने के इच्छुक हैं उन्हें सफलता मिलेगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आप अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई रणनीति बनाएंगे। इससे आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके किसी प्रोजेक्ट की प्रशंसा भी होगी। जो लोग काफी दिनों से सरकारी नौकरी के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए दिन शुभ है आज आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपको नयी जानकारी मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज कार्यों में बदलाव करने से बचे। अगर व्यवसाय में नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है। आज आपके घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन को लेकर उत्साह रहेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। रिश्तेदारों के आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज आपको सुखद जीवन जीने के लिए कई अवसर मिलने वाले हैं। आप अपने लक्ष्यों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज अचानक मित्र से मुलाकात होगी। आप उनसे करियर को लेकर विचार विमर्श भी करेंगे। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। घर के बड़े बुजुर्गों का स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें और उनका मान-सम्मान व आदर करें।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपकेबच्चे बिजनेस में आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। आज परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जायेगा। आज सहज तरीके से अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके कार्यों के लिए कारगर साबित होगी। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें, काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# सूर्यकुमार यादव को लेकर फैसला करेगा बीसीसीसीआई, गंभीर की सलाह रहेगी अहम

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है जिससे उनकी कप्तानी खतरे में पड़ गया है। ऐसे में अनुमान है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) शीघ्र ही उनके मामले में कोई फैसला ले सकता है। हाल ही में सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 विश्वकप जीता था पर माना जा रहा है कि बोर्ड अब भविष्य को देखते हुए नये कप्तान पर विचार कर सकता है। ऐसे में बोर्ड की बैठक में चयन समिति और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया सूर्यकुमार के भविष्य पर अनौपचारिक रुप से बात कर सकते हैं। इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह काफी अहम मानी जा रही है। ये भी कहा जा रहा है कि गंभीर की सलाह से ही तय होगा कि



सूर्यकुमार को कप्तान बनाये रखा जाये या किसी और को अवसर दिया जाये।

यदि सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटाया जाता है, तो एक बल्लेबाज के तौर पर भी उनकी राष्ट्रीय टीम में जगह खतरे में पड़ सकती है। ऐसे में एक विकल्प यह भी सुझाया जा रहा है कि उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में कप्तान के तौर पर ही अवसर दिया जाये। इन सीरीज में उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन के आधार पर ही उनके भविष्य पर कोई अंतिम फैसला लिया जा सकता है। सूर्यकुमार के प्रदर्शन में निरंतरत की कमी है। पिछले साल उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह 21 मैचों में केवल 218 रन ही बना पाये। इस दौरान वह पूरे साल एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए। उनका औसत 13.62 और स्ट्राइक रेट 123.16 का रहा है। साल 2026 में उनकी कप्तानी में टीम ने खिताब जीता पर उनका स्वयं का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। आईपीएल 2026 में भी वह रन नहीं बना पा रहे हैं। उन्होंने अब तक 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 4 अर्धशतकों के साथ 484 रन बनाए हैं, औसत 44 और स्ट्राइक रेट 161.33 रहा है।

उनकी कप्तानी का रिकॉर्ड हालांकि प्रभावशाली है। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय टीम ने अब तक 52 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें से 40 में जीत हासिल की है, जबकि 8 में हार का सामना करना पड़ा और 2 मैच टाई रहे है।

## ऋषभ को टेस्ट प्रारुप में उपकप्तानी से हटा सकता है बीसीसीआई

**एजेंसी, मुम्बई**

पिछले कुछ समय से लगातार फार्म से बाहर चल रहे भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की मुश्किलें बढ़ने जा रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब उन्हें टेस्ट मैच में उपकप्तानी से भी हटाने पर विचार कर रहा है। बीसीसीआई मंगलवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम घोषित करने वाला है। जून में होने वाले इस मैच के लिए ऋषभ को शायद ही उपकप्तान रखा जाये। यह एकमात्र टेस्ट मैच 6 से 10 जून के बीच खेला जाएगा, जिसके बाद तीन एकदिवीसय मैच 14, 17 और 20 जून को खेले जाएंगे। उसमें भी उनकी जगह खतरे में नजर आ रही है क्योंकि सीमित ओवरों के प्रारुप में भी उनका प्रदर्शन गिरा है। गौरतलब है



कि जिस प्रकार से ऋषभ की कप्तानी में लगातार दूसरे सत्र में भी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम आईपीएल में असफल हुई है। उससे ऋषभ बोर्ड का भरोसा खो चुके हैं। लीग में वह न तो रन बना पाये और न ही टीम को जीत दिला पाये। उनकी कप्तानी भी बेहद खराब रही। टीम जहां पिछले सत्र में सातवें नंबर पर रही थी। वहीं इस सत्र में दसवें स्थान पर खिसक गयी। अब तक के दोनो ही सत्र में उनकी कप्तानी पर सवाल उठे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड को मुख्य चिंता इस बात को लेकर है कि कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी से उनकी बल्लेबाजी प्रभावित हुई है। ऐसे में चयनकर्ता नहीं चाहते कि उनकी बल्लेबाजी प्रभावित हो। चयनकर्ताओं का मानना है कि जब पंत पर कप्तानी का दबाव होता है, तो उनकी बल्लेबाजी प्रभावित होती है। ऐसे में, उन्हें मैदान पर अधिक आजादी से निडर होकर खेलने का अवसर दिखा जाना चाहिये। ताकि वह अपनी स्वाभाविक प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकें ! आईपीएल में खराब प्रदर्शन के कारण एकदिवसीय में भी ऋषभ पंत की जगह अब खतरे में है। वह 2025 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में दूसरे विकेटकीपर के रूप में चुने गए थे पर लगातार खराब फॉर्म के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ 50 ओवर के मैचों से बाहर हो गए थे। वह एकदिवसीय में पिछली 11 पारियों में केवल 251 रन ही बना पाये हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 138.67 रन ही रहा है। ऐसे में चयनकर्ता अब फार्म में चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को अवसर देना चाहते हैं।

## अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और एक दिवसीय टीम आज घोषित करेगा बीसीसीआई

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) मंगलवार को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के साथ ही एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम घोषित करेगा। : भारतीय टीम अफगानिस्तान से ये मुकाबले जून में खेलेगी। एकमात्र टेस्ट के बाद 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज में कुछ युवाओं को अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगी। इसमें अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ही युवओं को भ अवसर मिल सकता



है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से उपकप्तानी छीनी जा सकती है। उनकी जगह पर यशस्वी जायसवाल को उपकप्तानी सौंपी जा सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। उनकी जगह पर आकिब नबी डार को अवसर मिल सकता है। संभावित टेस्ट टीम शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, साई सुदर्शन, कुलदीप यादव, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और आकिब नबी डार। एकदिवसीय सीरीज के लिए संभावित टीम की करें तो 15 सदस्यीय टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देकर युवा प्रिंस यादव को अवसर मिल सकता है।

## बाबर आजम ने बनाया रनों का रिकार्ड

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने बांग्लादेश के खिलाफ सिलहट में चल रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में एक ऐसा रिकार्ड बनाया है जो किसी अन्य बल्लेबाज के नाम नहीं है। बाबर साल 2020 के बाद से अब तक में 9000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। इतने रन तो इंग्लैंड के जो रूट और भारत के विराट कोहली के नाम भी नहीं है। बाबर इस मैच में 84 गेंदों में 68 रनों की शानदार पारी खेली। एक रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी 2020 से अब तक बाबर आजम ने तीनों प्रारुपों में कुल मिलाकर 9,060 रन बनाए हैं। इसके लिए उन्होंने 231 पारियां खेली हैं और उनका औसत 42.53 का रहा है। वहीं इस सूची में दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के जो रूट हैं, जिन्होंने 177 पारियों में 8,305 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं जबकि पाकिस्तान के ही मोहम्मद रिजवान 210 पारियों में 7,779 रनों के साथ ही तीसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका के कुसाल मेंडिस 215 पारियों में 7,046 रनों और पथुम निसंका 198 पारियों में 6,873 रनों के साथ ही चौथे और पांचवें नंबर पर हैं।

## द्रविड़ का करियर बचाने उन्हें विकेट कीपर की भी जिम्मेदारी दी थी : गांगुली

**एजेंसी, कोलकाता**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि साल 2003 एकदिवसीय विश्वकप से पहले राहुल द्रविड़ को टीम में रखने पर सवाल उठने लगे थे पर उस समय उन्होंने चयनकर्ताओं के खिलाफ जाकर उन्हें टीम में बनाये रखा था। इसके लिए उन्हें टीम का ढ़ांच तक बदलना पड़ा था। इसी के तहत ही द्रविड़ को विकेटकीपर की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी। गांगुली के अनुसार, 2000 के दशक की शुरुआत में, विशेष रूप से 2003 विश्व कप से पहले द्रविड़



की एकदिवसीय टीम में जगह को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे थे। चयनकर्ता और विशेषज्ञ उनके स्ट्राइक रेट से संतुष्ट नहीं थे। ऐसे में कहा जा रहा था कि द्रविड की जगह किसी और खिलाड़ी को मौका दिया जाना चाहिए पर मैंने उन्हें नहीं छोड़ा, क्योंकि अगर मैंने उन्हें छोड़ दिया होता, तो उनका करियर समाप्त हो सकता था। इस हालात में गांगुली ने एक साहसिक फैसला लेकर न केवल द्रविड़ का करियर बचाया बल्कि भारतीय टीम को एक नई दिशा भी दी। उस समय टीम को एक ऐसे विकेटकीपर-बल्लेबाज की सख्त जरूरत थी जो मध्य क्रम में बल्लेबाजी कर सके। गांगुली ने इस समस्या को समझाते हुए कहा कि द्रविड़ को विकेटकीपर की भी जिम्मेदारी दी। तब के समय में श्रीलंका के पास कुमार संगकारा, दक्षिण अफ्रीका के पास मार्क बाउचर और ऑस्ट्रेलिया के पास एडम गिलक्रिस्ट जैसे बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाज थे।

# बिजनेस

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, फीकी पड़ी सोना और चांदी की चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना आज 1,56,920 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में भी आज लगातार चौथे दिन कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,79,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।



दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,070 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,56,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,56,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,56,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,57,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,43,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,56,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,43,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी लगातार बढ़ती चली गई। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली का जोर बना कर मार्केट को सपोर्ट करने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि इन दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार नहीं हो सका। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.36 प्रतिशत और निफ्टी 1.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोल इंडिया और विप्रो के शेयर 0.99 प्रतिशत से लेकर 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टाटा स्टील, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, श्रीराम फाइनेंस, ट्रेंट लिमिटेड और अदानी पोर्ट्स के शेयर 4.13 प्रतिशत से लेकर 2.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,744 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें



से 425 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 2,319 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से छह शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 24 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 430.02 अंक की कमजोरी के साथ 74,807.97 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक की कमजोरी लगातार बढ़ने लगी। हालांकि खरीदार बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी करते रहे। इसके बावजूद इस सूचकांक की चाल पर अधिक असर नहीं पड़ा। लगातार हो रही बिकवाली के कारण सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1,026.08 अंक की गिरावट के साथ 74,211.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 161.30 अंक टूट कर 23,482.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ने के कारण इस सूचकांक की कमजोरी बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से यह सूचकांक गिर कर 23,317.10 अंक के स्तर तक आ गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 314.10 अंक लुढ़क कर 23,329.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 160.73 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,237.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 46.10 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,643.50 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी बिकवाली का दबाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के खिलाफ एक बार फिर मिलिट्री एक्शन शुरू करने की चेतावनी देने के कारण दुनिया भर के बाजार में तनाव का माहौल बना हुआ है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। वहीं एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर बिकवाली का रुख बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ शांति समझौता नहीं होने की स्थिति में दोबारा सख्त मिलिट्री एक्शन शुरू करने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अमेरिका एक पॉजिटिव डील चाहता है, लेकिन अगर कोई ढंग का प्रस्ताव नहीं मिला, तो ईरान के खिलाफ सख्त कदम उठाया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस चेतावनी के बाद एक बार फिर पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका बन गई है, जिसकी वजह से दुनिया भर के बाजार में डर का माहौल बना हुआ है। इसी डर की वजह से अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 92.74 अंक यानी 1.24 प्रतिशत टूट कर 7,408.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 410.08 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,225.14 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 407.80 अंक यानी 0.83 प्रतिशत



की कमजोरी के साथ 49,118.37 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 177.56 अंक यानी 1.74 प्रतिशत टूट कर 10,195.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 129.72 अंक यानी 1.63 प्रतिशत फिसल कर 7,952.55 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 505.69 अंक यानी 2.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,950.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज लगातार दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। एशिया के नौ बाजार में से आठ के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजार में से इकलौता कोस्पी इंडेक्स फिलहाल 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,547.72 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 160 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,548 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,962.54 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में आज जबरदस्त गिरावट नजर आ रही है। फिलहाल यह सूचकांक 270.25 यानी 4.02 प्रतिशत लुढ़क कर 6,453.07 अंक के स्तर तक आ गया है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 436.73 अंक यानी 1.68 प्रतिशत टूट कर 25,526 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 501.39 अंक यानी 1.22 प्रतिशत फिसल कर 40,670.97 के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा निक्केई इंडेक्स 678.29 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 60,731 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,121.51 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.08 प्रतिशत टूट कर 1,516.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## मारुति सुजुकी का हरियाणा के खरखौदा प्लांट में उत्पादन शुरू, कुल उत्पादन क्षमता हुई 5 लाख इकाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने हरियाणा स्थित अपनी खरखौदा विनिर्माण इकाई के दूसरे संयंत्र में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई है। इससे खरखौदा में मारुति की कुल क्षमता बढ़कर पांच लाख इकाई हो गई है। मारुति सुजुकी ने सोमवार को कहा कि नए संयंत्र के शुरू होने के साथ ही गुरुग्राम, मानेसर और खरखौदा (हरियाणा) तथा हंसलपुर (गुजरात) स्थित संयंत्रों में कंपनी की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता बढ़कर 26.5 लाख इकाइयों पर हो




गई है। कंपनी ने बताया कि पूरी तरह संचालित होने पर खरखौदा संयंत्र मूल कंपनी सुजुकी के सबसे बड़े चार पहिया वाहन विनिर्माण स्थलों में से एक होगा जिसकी क्षमता प्रति वर्ष 10 लाख वाहन बनाने की होगी। कंपनी ने पहले जारी एक बयान में कहा था कि वह वित्त वर्ष 2026-27 में पांच लाख इकाइयों की अतिरिक्त क्षमता जोड़ने की योजना बना रही है। कंपनी इस संयंत्र में वर्तमान में कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा और मिड-एसयूवी विक्टोरिस का उत्पादन कर रही है।

# मेहनत और लगन पर मेरा भरोसा, ईमानदारी से काम किया तो मुश्किलें अपने आप दूर हो जाती हैंः अद्रिजा रॉय



लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा में राही का किरदार निभा रही अभिनेत्री अद्रिजा रॉय को उनके इस किरदार में काफी पसंद किया जा रहा है। इस बीच अभिनेत्री ने काम को लेकर अपने विचार प्रशंसकों के सामने रखी। अद्रिजा का स्पष्ट मानना है कि ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ अगर आप पूरी लगन से अपना काम करते हैं तो राह में आने वाली मुश्किलें और बाधाएं अपने आप दूर हो जाती हैं। अद्रिजा रॉय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि टीवी शो अनुपमा में उनकी एंट्री के बावजूद वे हमेशा से जानती थीं कि यह शो रूपाली गांगुली के किरदार अनुपमा के इर्द-गिर्द घूमता है। उन्होंने कहा, जब मुझे नई पीढ़ी के लीप के लिए संपर्क किया गया तो मैं बेहद उत्साहित थी। अनुपमा अपने आप में एक ब्रांड है। इतने बड़े और सफल शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़ी उपलब्धि है। मुझे जो भूमिका और जगह दी गई, उससे मैं पूरी तरह संतुष्ट और खुश हूं। वे मानती हैं कि सफलता की राह में चुनौतियां आती हैं, लेकिन सही मंशा और मेहनत के साथ हर मुश्किल आसान हो जाती है। उन्होंने बताया कि वह शोहरत, टीआरपी या रैंकिंग की बजाय अपने काम और परफॉर्मेंस पर पूरा ध्यान देती हैं। अद्रिजा ने बताया, मेरा हमेशा से मानना है कि ईमानदारी से अपना काम किया जाए तो राह में आने वाली मुश्किलें अपने आप ठीक हो जाती हैं।
अभिनेत्री ने अनुपमा के प्रोड्यूसर राजन शाही की तारीफ करते हुए कहा कि वह सेट पर हर एक्टर को यही सलाह देते हैं कि टीआरपी या रेटिंग के बारे में न सोचें, बस अपनी परफॉर्मेंस पर ध्यान दें। अद्रिजा भी इसी विचार से सहमत हैं। उन्होंने कहा, मैं बाहरी दबाव या तनाव को ज्यादा प्रभावित नहीं होने देती। हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती हूं। एक्ट्रेस का यह भी मानना है कि उनमें और शो के उनके किरदार में कई समानताएं हैं। उन्होंने बताया, मुझमें और राही में निश्चित रूप से कई समानताएं हैं, खासकर सकारात्मक नजरिए से। कहानी में कुछ स्थितियां पूरी तरह से नाटकीय प्रभाव के लिए लिखी गई हैं, जिन्हें हम एक्टर के तौर पर निभाते हैं। निजी तौर पर, हो सकता है कि मैं हमेशा हर काम से खुद को जोड़ न पाऊं। लेकिन जब भी राही शो में भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया देती है, खासकर उन दृश्यों में जिनमें उसकी मां शामिल होती है, तो मैं उसके नजरिए को समझने की कोशिश करती हूं। कभी-कभी दर्शकों को लग सकता है कि वह गलत है, लेकिन उसके नजरिए से उसकी भावनाएं सही हैं। एक एक्टर के तौर पर, जब मैं किसी दृश्य के पीछे के तर्क और भावनात्मक सच्चाई को समझ लेती हूं, तो उसे ईमानदारी से निभाना आसान हो जाता है।

# फिल्म 'सिस्टम' के ट्रेलर को मिल रहा दमदार रिस्पांस

बहुप्रतीक्षित कोर्टरूम थ्रिलर फिल्म सिस्टम का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया। करीब दो मिनट के इस ट्रेलर को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म का निर्देशन अश्विनी अय्यर तिवारी ने किया है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म में ज्योतिका और आशुतोष गोवारिकर भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर में सत्ता, न्याय, सामाजिक असमानता और अदालत के भीतर छिपी सच्चाइयों की झलक देखने को मिलती है। ट्रेलर की शुरुआत नेहा राजवंश नाम की एक जुनूनी और महत्वाकांक्षी सरकारी वकील से होती है, जिसका किरदार सोनाक्षी सिन्हा निभा रही हैं। वह अपने पिता की ओर से दी गई एक कठिन चुनौती को स्वीकार करती है ताकि अपनी क्षमता साबित कर सके और फर्म में साझेदारी हासिल कर सके। हालांकि यह रास्ता आसान नहीं होता। इस दौरान वह सारिका नाम की कोर्टरूम स्टेनोग्राफर को अपने साथ जोड़ती है, जिसका किरदार ज्योतिका निभा रही हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि सारिका के मन में भी कुछ छिपे हुए इरादे हैं, जो कहानी को और रहस्यमय बना देते हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अदालत के भीतर होने वाली तीखी बहसें, भावनात्मक टकराव और समाज में मौजूद असमानता की तस्वीर सामने आने लगती है। फिल्म यह सवाल उठाती नजर आती है कि क्या न्याय हर व्यक्ति तक बराबरी से पहुंच पाता है या फिर अमीरी और ताकत के शोर में गरीबों की आवाज दब जाती है। ट्रेलर में कई दमदार संवाद और भावनात्मक दृश्य देखने को मिलते हैं, जो इसे एक गंभीर सामाजिक विषय पर आधारित फिल्म बनाते हैं। निर्देशक अश्विनी अय्यर तिवारी ने कहा कि ऐसी कई कहानियां हमारे आसपास मौजूद होती हैं, लेकिन उन्हें पूरी सच्चाई और संवेदनशीलता के साथ पर्दे पर लाना आसान नहीं होता। उन्होंने बताया कि उन्हें खुद को चुनौती देना पसंद है और यही वजह है कि उन्होंने 'सिस्टम' जैसी फिल्म बनाई। उन्होंने फिल्म के कलाकारों की भी जमकर तारीफ की और कहा कि सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका ने अपने किरदारों को बेहद मजबूती से निभाया है। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने किरदार को चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा ऐसी कहानियां पसंद आती हैं, जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर नई चुनौती दें। अभिनेत्री के मुताबिक यह फिल्म उस समाज की सच्चाई को सामने लाती है, जहां कई बार इंसाफ भी सामाजिक ढांचे की तरह बंटा हुआ नजर आता है।



# योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन को संवारने का माध्यमः अनिल कपूर

भारत सरकार का आयुष मंत्रालय सोशल मीडिया और विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को योग के फायदे बता रहा है। इतना ही नहीं, योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी कर रहा है। इसी अभियान के तहत आयुष मंत्रालय ने बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर का एक पुराना वीडियो साझा किया है, जिसमें अभिनेता योग और फिटनेस को लेकर अपने विचार रखते नजर आ रहे हैं। आयुष मंत्रालय ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि अनिल कपूर योग को केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संवारने और इंसान की क्षमताओं को निखारने वाला माध्यम मानते हैं।

वीडियो में अनिल कपूर बताते हैं कि वे हर दिन योग करते हैं और यही उनकी फिटनेस और ऊर्जा का सबसे बड़ा रहस्य है। अभिनेता के अनुसार, योग ने उनके जीवन को बेहतर और समृद्ध बनाया है तथा इसकी मदद से इंसान अपनी पूरी क्षमता के साथ जीवन जी सकता है। अनिल कपूर ने लोगों को सलाह देते हुए यह भी कहा कि योग हमेशा सही मार्गदर्शन और विशेषज्ञों की सलाह के साथ करना चाहिए। उनका मानना है कि सही तरीके से किया गया योग शरीर और मन दोनों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। 70 वर्ष की उम्र पार करने के बावजूद अनिल कपूर की फिटनेस और ऊर्जा अक्सर लोगों को हैरान कर देती है और सोशल मीडिया पर भी उनकी फिटनेस चर्चा का विषय बनी रहती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, योग किसी भी उम्र में शुरू किया जा सकता है। नियमित योगाभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, तनाव कम होता है और मानसिक शांति मिलती है। इसके अलावा योग बेहतर नींद, संतुलित जीवनशैली और पूरे दिन ऊर्जा बनाए रखने में भी मददगार माना जाता है। यही वजह है कि आज दुनियाभर में योग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। आयुष मंत्रालय पहले भी अमिताभ बच्चन समेत कई फिल्मी सितारों, योग गुरुओं और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के माध्यम से योग को बढ़ावा देता रहा है। मंत्रालय का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। हर साल 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं।



# नई फिल्मों की भीड़ के बीच भी राजा शिवाजी ने 15वें दिन की अच्छी कमाई, अब बनाने वाली है ये महा रिकॉर्ड



ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म को रितेश देशमुख ने लिखा, निर्देशित किया और इसमें अभिनय भी किया है. फिल्म ने भारत में महज दो हफ्तों में 75 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. अब ये तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं राजा शिवाजी ने रिलीज के तीसरे फ्राइडे यानी 15वें दिन कितना कलेक्शन किया है? राजा शिवाजी ने बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्तों तक गदर परफॉर्म किया है. इस दौरान टिकट खिड़की पर इस फिल्म की हुकूमत देखी गई. लेकिन रिलीज के तीसरे हफ्ते में एंट्री करते ही इसे आयुष्मान खुराना की पति पत्नी और वो के अलावा संजय दत्त की आखिरी सवाल से मुकाबला करना पड़ा है. हालांकि ये नई फिल्में राजा शिवाजी का क्रेज कम नहीं कर पाई हैं इसी के साथ इस फिल्म ने 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे भी अच्छी कमाई की है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो राजा शिवाजी ने पहले हफ्ते में 52.65 करोड़ की कमाई की थी. वहीं दूसरे हफ्ते इस फिल्म की कमाई 24.30 करोड़ रुपये रही है. अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक राजा शिवाजी ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को 1.45 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ राजा शिवाजी की 15 दिनों की कुल कमाई अब 78.40 करोड़ रुपये हो गई है. राजा शिवाजी ने रिलीज के 15 दिनों में 78.40 करोड़ की कमाई कर डाली है. और ये बैपन भारी देवा के 76.28 करोड़ के लाइफटाइम कलेक्शन को पछाड़ कर दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मराठी फिल्म बन गई है. अब ये सैराट के 80.98 करोड़ के आंकड़े को पीछे छोड़ने से महज 2 करोड़ के करीब दूर है. तीसरे शनिवार को फिल्म ये मील का पत्थर भी पार कर देगी और मराठी की सबसे बड़ी फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेगी. बता दें कि राजा शिवाजी में रितेश देशमुख ने लीड रोल प्ले किया है. वहीं फिल्म के अन्य दमदार कलाकारों की टोली में अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, जेनेलिया डिसूजा, विद्या बालन, भाग्यश्री, बोमन ईरानी, सचिन खेड़कर सहित कई सितारे शामिलहैं.

# जोड़ों का दर्द हर दिन क्यों हो रहा है बुरा? जानिए 5 वजहें

जोड़ों में दर्द एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र में हो सकती है। यह दर्द कई कारणों से हो सकता है और अगर आप इसे नजरअंदाज करते हैं तो यह बढ़ सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी गलतियां बताने जा रहे हैं, जो आपके जोड़ों के दर्द को और भी बुरा बना सकती हैं। इन गलतियों को समझकर आप अपने दर्द को कम करने और बेहतर आराम पाने में मदद कर सकते हैं। नियमित व्यायाम न केवल आपके शरीर के लिए अच्छा होता है, बल्कि यह आपके जोड़ों के लिए भी फायदेमंद होता है। अगर आप नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते हैं तो आपके मांसपेशियों कमजोर हो जाती हैं और जोड़ों पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे दर्द बढ़ सकता है। रोजाना कुछ मिनट टहलने या हल्की स्ट्रेचिंग करने से आपके जोड़ों को आराम मिलेगा और दर्द में कमी आएगी। खान-पान का सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है, खासकर जब बात जोड़ों के दर्द की हो। अगर आपके खाने में जरूरी पोषक तत्वों की कमी होगी तो इससे सूजन बढ़ सकती है, जिससे आपका दर्द बढ़ सकता है। इसलिए अपने खाने में विटामिन-सी, विटामिन-डी, कैल्शियम और ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करें। इसके अलावा हरी सब्जियां और फल भी आपके जोड़ों को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। अधिक वजन होना एक बड़ा कारण हो सकता है, जिससे आपके जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इससे आपके घुटनों, कूल्हों और पीठ में दर्द हो सकता है। इसलिए अपने वजन को नियंत्रित रखना बहुत जरूरी है। सही खान-पान और नियमित व्यायाम करके आप अपने वजन को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा पानी का सेवन बढ़ाएं और जंक फूड से दूर रहें ताकि आपका शरीर स्वस्थ रहे और जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। अगर आप लगातार काम करते रहते हैं और पर्याप्त आराम नहीं करते तो इससे भी आपके जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है। शरीर को आराम देना बहुत जरूरी है ताकि वह खुद को ठीक कर सके। इसलिए सुनिश्चित करें कि आप रोजाना कुछ समय आराम करें और सोने से पहले हल्की स्ट्रेचिंग करें। इससे आपके मांसपेशियों को आराम मिलेगा और जोड़ों पर दबाव कम होगा, जिससे आपका दर्द भी कम हो जाएगा। अक्सर हम बिना सोचे-समझे गलत तरीके से उठते-बैठते हैं, जिससे हमारे कमर और गर्दन पर बुरा असर पड़ता है। सही तरीके से उठने-बैठने की आदत डालें ताकि आपके जोड़ों पर कोई अतिरिक्त दबाव न पड़े। सही तरीका यह है कि जब भी आप उठें तो पहले अपने पैरों को थोड़ा मोड़ लें और फिर धीरे-धीरे खड़े हों। इसी तरह बैठते समय भी घुटनों को मोड़कर बैठें ताकि पीठ और गर्दन पर कोई अतिरिक्त दबाव न पड़े।



# मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने का सपना था सनी लियोनी का

क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी का सपना ग्लैमर की दुनिया में आने से पहले मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने का था। वह नर्स बनकर लोगों की सेवा करना चाहती थीं, लेकिन हालात और किस्मत उन्हें मनोरंजन जगत की ओर ले गए। सनी लियोनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है। उनका जन्म 13 मई 1981 को कनाडा के ओंटारियो में एक सिख पंजाबी परिवार में हुआ था। बचपन से ही वह बेहद चंचल और खेलकूद में रुचि रखने वाली लड़की थीं। परिवार ने उन्हें अच्छी परवरिश और शिक्षा दी। छोटी उम्र से ही उनमें जरूरतमंद लोगों की मदद करने की भावना थी। इसी कारण उन्होंने नर्सिंग की पढ़ाई में दिलचस्पी दिखाई और मेडिकल क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सपना देखा। वह चाहती थीं कि आगे चलकर लोगों की सेवा करें और समाज के लिए कुछ अच्छा करें। लेकिन परिवार की आर्थिक परिस्थितियों ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। कम उम्र में ही उन्हें काम करना पड़ा। शुरुआत में उन्होंने एक जर्मन बेकरी में वेट्रेस के तौर पर नौकरी की। इसके अलावा टैक्स और रिटायरमेंट फर्म में भी काम किया। इसी दौरान उनकी रुचि मॉडलिंग की ओर बढ़ी और



धीरे-धीरे उन्होंने ग्लैमर इंडस्ट्री में कदम रख दिया। मॉडलिंग से उन्हें पहचान मिलने लगी और बाद में उन्होंने एडल्ट इंडस्ट्री में भी काम किया। इस फैसले के कारण उन्हें काफी आलोचनाओं और सामाजिक तानों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। कुछ समय बाद सनी ने अपनी पुरानी पहचान से आगे बढ़कर नई शुरुआत करने का फैसला किया। इसी सोच के साथ उन्होंने भारत का रुख किया और रियलिटी शो बिग बॉस में हिस्सा लिया। इस शो ने उन्हें भारतीय दर्शकों के बीच लोकप्रिय बना दिया।

# Sainik School Nalanda Cadet Wins National Honour at VVM Camp

**DB Reporter**

**Nalanda :** Cadet Abhinav Raj of Class VIII at Sainik School Nalanda has made Bihar proud by securing third position in the Central Zone during the National Camp of Vidyarthi Vigyan Manthan National Camp held at Indian Institute of Technology Gandhinagar from May 17 to 18, 2026.

The prestigious science camp was organised by Vijnana Bharati in collaboration with National Council of Educational Research and Training and National Council of Science Museums to encourage scientific thinking and competitive excellence among students across the country.



Two cadets from Sainik School Nalanda — Anurag Kumar of Class XI and Abhinav Raj of Class VIII — represented the Central Zone comprising Bihar and Jharkhand.

Abhinav Raj delivered an outstanding performance in his category and earned a Certificate of Excellence, a trophy, and a cash prize for his achievement.

As part of the recognition, the young cadet will also receive the prestigious Bhaskaracharya Scholarship for the current academic session and get an opportunity to visit some of India's leading scientific laboratories.

School Principal Colonel Bhupender Kumar congratulated the cadet and his parents for the remarkable success.

# Indian among dead in mass Ukrainian drone strike in Russia; Zelenskyy calls attack 'justified';

**New Delhi, Agency:** An Indian worker died and three were injured in a massive drone strike by Ukraine in Moscow region on Sunday, embassy informed.

"One Indian worker has lost his life and three others have been injured in a drone attack in Moscow region earlier today. Embassy officials have visited the location and met the injured workers in the hospital. The Embassy condoles the loss of life and is working with the company management and local authorities to provide necessary assistance to the workers," it said in a post on X.

Ukrainian President Volodymyr Zelenskyy said Kyiv's strike on Russia was "entirely justified", coming just days after a large-scale Russian drone and missile attack on the Ukrainian capital left at least 24 people dead."Our responses to Russia's prolongation of the war and its attacks on our cities and communities are entirely justified. This time, Ukrainian long-range sanctions reached the Moscow region, and we are clearly telling the Russians: their state must end its war," he said.

Russian authorities said nearly 600 Ukrainian drones targeted the country overnight, leaving four people dead, in what Ukrainian President Volodymyr Zelensky described as "entirely justified" retaliation for Russia's continued attacks on Ukraine.Russia's defence ministry said air defence systems destroyed 556 drones overnight, while another 30 were intercepted after daybreak, making it one of the largest Ukrainian drone offensives of the war so far.

The ministry said the interceptions occurred across 14 Russian regions, as well as over Crimea, annexed by Russia from Ukraine, and the Black and Azov seas.



# Deeply concerned: India on drone strike near UAE's Barakah nuclear plant

**New Delhi, Agency:** India on Monday voiced deep concern over a drone attack targeting the Barakah nuclear facility in the United Arab Emirates (UAE) as it marked a dangerous escalation in the West Asia conflict. New Delhi's reaction came a day after a drone struck a generator near the Gulf nation's sole nuclear power plant, sparking a fire on the complex's perimeter.

No one has claimed responsibility for the attack. The UAE's Ministry of Defence said it is working to determine the source of the drone strike. The incident triggered fears of a sharp escalation in tensions across West Asia. "India is deeply concerned at the attack targeting the Barakah nuclear facility in the UAE," the Ministry of External Affairs (MEA) said. "Such actions are unacceptable and represent a dangerous escalation.

# 'Fit lag raha hoon na?' MS Dhoni's fun banter with NSG commandos in Chennai goes viral



**New Delhi,Agency:** Former Indian cricket captain and Chennai Super Kings superstar MS Dhoni is making waves on social media. A recent video of him hanging out with National Security Guards (NSG) commandos at their Chennai facility has gone viral. In the clip, Dhoni - who is wearing a casual black T-shirt and jeans - is seen showcasing his fitness. During a fun banter, he points to himself and asks, "Fit lag raha hoon na?" (Do I look fit?). Dhoni was awarded the honorary rank of Lieutenant Colonel in the Territorial Army back in 2011, and has even participated in training activities and spent time with soldiers.

# WHO declares Ebola outbreak global health emergency

**New Delhi, Agency:** As the World Health Organization on Sunday declared the Ebola outbreak in Congo and Uganda a Public Health Emergency of International Concern (PHEIC), Indian health experts said there is no reason for panic as Ebola does not spread like Covid-19, though vigilance and early detection remain crucial.

Health ministry officials said no Ebola case has ever been reported in India except one international traveller who was tested positive in 2014. the National Centre for Disease Control is closely monitoring the situation.




Former AIIMS director Dr Randeep Guleria said Ebola spreads through direct contact with infected body fluids, blood, vomit, secretions or contaminated material, unlike Covid-19 which spreads through routine droplet transmission."There is no need to panic," Guleria said, adding that Ebola requires close physical contact for transmission and is therefore unlikely to trigger a pandemic like Covid-19.

Recalling India's preparedness during the 2014 Ebola outbreak, Guleria said authorities had conducted workshops and screening exercises across the country. He also referred to an Indian traveller returning from Sierra Leone who was isolated in Delhi after recovering from Ebola because body fluid samples tested positive for viral particles. The person remained under isolation for nearly three months as a precautionary measure, though no transmission occurred.

# World Hypertension Day: Your grandfather's disease? Not anymore



**New Delhi, Agency:** There is a killer amongst us. It is quiet, careful, and almost undetectable until it's too late. Globally nearly 1.4 billion people have met this killer. It is not a virus or a new pandemic. It is hypertension - and in India, it has found its youngest victims yet. One in eight Indians aged 20 to 40 already has high blood pressure. Most don't know it.

Hypertension or HTN has historically not been a young people disease, but over the past few years it has started affecting a younger demographic. What is even more concerning is that it goes undetected in many young adults, leading to extremely low rate of diagnosis and treatment. Globally, only 54 per cent of people with hypertension are diagnosed. Of those, 42 per cent receive treatment, and just 21 per cent have their blood pressure under control.

# Tagore's legacy bridges India-Sweden ties: PM Modi, Kristersson exchange unique gifts



**New Delhi, Agency:** Prime Minister Narendra Modi and his Swedish counterpart Ulf Kristersson on Sunday exhchanged special commemorative gifts to celebrate the legacy of Rabindranath Tagore.

According to a statement, Kristersson gifted a two replicas of hand-written epigrams by Tagore, accompanied by a small explanatory text and a photograph of Tagore taken in 1921 during his visit to Uppsala University. "The originals, recently discovered in the Swedish National Archives, were created by Tagore during his visits to Sweden in 1921 and 1926," the statement read.

Meanwhile, PM Modi gifted Kristersson a set of collected works of Rabindranath Tagore, along with a specially handcrafted bag from Shantiniketan with motifs that Gurudev chose to empower local artisans.

"The bag symbolises Tagore's philosophy that art is not meant to be confined to galleries, but to breathe life into everyday objects, bridging the gap between the intellectual and the functional," the statement read.

Tagore, the first non-European Nobel Laureate, was unable to travel to Sweden in 1913 to receive the Nobel Prize. He was later received by King Gustav V during his visit to Sweden in 1921. The exchange of gifts also coincides with the centenary of Tagore's historic visit to Sweden in 1926. PM Modi arrived in Sweden on Sunday for a two-day visit.

# CBSE slashes paper re-evaluation fees

**NEW DELHI, Agency:** Amid concerns among students over possible loss of marks due to the use of On-Screen Marking (OSM) for evaluating Class XII board examinations, the Central Board of Secondary Education (CBSE) has on Sunday sharply reduced the fees for obtaining answer sheets, verification and re-evaluation, while defending the digital evaluation system as a globally accepted and transparent method of assessment.

Under the revised structure, the fee for obtaining a scanned copy of an evaluated answer sheet has been reduced from Rs 700 to Rs 100 per subject. The verification fee has also been cut from Rs 500 to Rs 100, while the re-evaluation fee per question has been reduced from Rs 100 to Rs 25.The changes come after some students and teachers raised concerns over the use of OSM, a digital evaluation method in which teachers assess scanned copies of answer sheets on screen. The overall Class XII pass percentage this year declined from 88% to 85%, leading to questions from some students over whether the evaluation process had affected scores.

Officials said CBSE had first experimented with On-Screen Marking as a pilot project in 2014, but the system was not expanded then because of limitations in scanning infrastructure, bandwidth and digital evaluation capacity across regions. According to the ministry of education, the board has now revived the system following improvements in digital infrastructure and large-scale examiner training, while also citing the need for greater standardisation, reduction in totalling errors and tighter security in the evaluation process. Officials maintained that the marking scheme and moderation policy remained unchanged despite the shift in the mode of assessment.

School education secretary Sanjay Kumar said there was "no direct correlation" between OSM and the decline in marks or pass percentage. "There has been no change in the marking scheme. Board examination results vary every year," he said.

Kumar said around 98.6 lakh answer sheets were scanned and evaluated digitally this year, while 13,853 copies had to be checked manually because the handwriting or ink used by students could not be read clearly after scanning."No matter how many times we scanned them, there was illegibility because very light-coloured ink had been used," he said, adding that such copies were separated and evaluated manually to avoid any disadvantage to students.

CBSE chairperson Rahul Singh clarified that artificial intelligence was not used in the evaluation process. "Only the mode of marking has changed. Earlier, evaluation was done on physical answer sheets, while this year it was done on screen," he said. Officials said the board would continue with the re-evaluation process and examine all applications. Students can apply for scanned copies of answer sheets between May 19 and May 22, while verification and re-evaluation applications can be submitted between May 26 and May 29.